धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार

21.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 160



12 शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के लाखों करोड़ डूबे

## न्यूज डायरी

### नहीं रहे पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला

**चंडीगढ़/गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व सीएम एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला (89) का निधन हो गया है। गुरुग्राम के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर शनिवार सुबह 8:00 बजे से चौटाला गांव में उनके फार्म हाउस पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जायेगा। दोपहर 3:00 बजे चौटाला गांव में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनका जन्म एक जनवरी 1935 में सिरसा के चौटाला गांव में में हुआ था।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को होगी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में शाम चार बजे मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी।

### कार में मिला, 15 करोड़ कैश, 55 किलो सोना

**भोपाल।** एमपी के भोपाल में दो दिन से चल रही इनकम टैक्स रेड के बीच एक बड़ी बरामदगी हुई है। जंगल में लावारिस हालत में खड़ी गाड़ी सें 15 करोड़ कैश और 55 किलो सोना बरामद किया गया है। यह पता लगाया जा रहा है कि कैश और सोने की इतनी बड़ी खेप रखने वाला कुबेर है कौन। देर रात भोपाल से सटे मंडोरा गांव के पास जंगल में एक लावारिस इनोवा कार से ये बरामदगी हुई।

# दो गैस टैंकर में भिड़ंत धमाके में 11 जिंदा जले

## जयपुर में बड़ा हादसा, 35 से अधिक घायल

- एक स्लीपर बस समेत 40 वाहन भी राख
- 300 मीटर दूर तक जो जहां था वहीं जल गया,
- धमाके की आवाज बड़ी दूर तक सुनायी पड़ी
- राष्ट्रपति, पीएम, सीएम दुखी, मुआबजे की



**एजेंसी**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार को लड़के एक भीषण हादसे में 11 से अधिक लोग जिंदा गये। जयपुर शहर से निकलते ही भांकरोटा इलाके में केमिकल से भरे दो टैंकर आपस में टकरा गये। धमाके के साथ दोनों में आग लग गयी। यह हादसा भांकरोटा में स्थित एक पेट्रोल पंप के बाहर हुआ। इस हादसे में 11 लोग जिंदा जल गये। 35 से अधिक लोग झुलस गये है। विस्फोट के बाद लगी आग में 40 से ज्यादा गाड़ियां जलकर खाक हो गयी। इनमें , एक स्लीपर बस भी शामिल है। हाईवे किनारे स्थित एक पाइप फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गयी। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसपास के इलाकों में सड़कों पर खून और फटे हुए कपड़े नजर आये। 300 मीटर के दायरे में जो कुछ भी था, सब जल गया। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गयी। कई मीटर ऊंची आग की लपटें उठ रही थीं। यह इलाका जयपुर से अजमेर जाने वाली नेशनल हाईवे पर है।

**हादसे की वजह :** सीएम भजनलाल शर्मा ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डॉक्टरों से जानकारी ली। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि टैंकर से केमिकल लगभग 500 मीटर दूर तक फैल गया। इसके चलते आग ने और भीषण रूप ले लिया और 40 गाड़ियां इसकी चपेट में आ गयीं। केमिकल और गैस के रिसाव के कारण आग बुझाने में भी दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गैस टैंकर में धमाके की वजह से पेट्रोल पंप समेत कई गाड़ियों में आग लग गयी, जिनमें बस, ट्रक, कार आदि शामिल हैं।

**कैसे हुआ हादसा :** जानकारी के मुताबिक एलपीजी टैंकर अजमेर से जयपुर की ओर जा रहा था। मगर जब टैंकर अजमेर की ओर यू-टर्न लेने लगा तो तभी जयपुर से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के कारण गैस लीक होने लगी। देखते ही देखते यह 300 मीटर के दायरे में फैल गयी।

### बस के सभी यात्री सो रहे थे

इस हादसे के कई सीसीटीवी फुटेज और तस्वीरें दिल दहलादेनेवाली हैं। सड़कों पर इंसान के जले हुए कपड़े और हवा में जिंदा जले पक्षी जमीन पर नजर आये। हादसे के समय एक स्लीपर बस में यात्री सो रहे थे, आग की लपटों ने सभी को चपेट में ले लिया। जले हुए कपड़ों में घायल लोग सड़कों पर अपनी जान बचाने के लिए दौड़ते नजर आ रहे थे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम पीएम दुखी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, समेत तमान नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। पीएममोदी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही सीएम भजनलाल ने भी सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5 और घायलों को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# खलिहान बना श्मशान मां-बेटे की जल कर मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** खलिहान में आग लगने से वहां सो रहे मां-बेटे की जलकर मौत हो गयी। यह हादसा जयराम महतो के विधानसभा क्षेत्र डुमरी के मधुबन थाना इलाके के छछंदो पंचायत के जोभी गांव में गुरूवार की देर रात हुआ। धान के खलिहान में गांव की एक महिला और उसके पुत्र की जल कर मौत हो गयी। दोनों पूरी तरह से जल गये थे। दोनों मृतक की पहचान जोभी गांव निवासी सोमरा मुर्मू की पत्नी नुनिया देवी (40) और उनका छोटा पुत्र चांद मुर्मू (12) के रूप में हुई है। पति सोमरा मुर्मू का कहना है कि रात को उनकी पत्नी और उनका पुत्र खलिहान में सोने गया था। देर रात जब लोगों की चीख पुकार सुनी तो वह भागकर खलिहान पहुंचा, तबतक दोनों की मौत हो गयी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मधुबन थाना पुलिस शुक्रवार को घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन कर जले हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। आशंका है कि खलिहान के बाहर ठंड से बचने के लिए आग तापकर मां- बेटे सोने चल गये थे। आग की चिंगारी संभवतः रह और फिर वह पुआल से बने कुंभा (घर) में पकड़ लिया हो। इससे जलकर दोनों की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। घटना की खबर सुन स्थानीय विधायक जयराम महतो , जेएमएम नेता अखिलेश महतो, भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव समेत गांव के कई लोग मौके पर पहुंचे। डुमरी विधायक जयराम महतो ने मृतक परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। मृतक के परिजनों को चार - चार लाख का मुआवजा देने की भी मांग की।



### संसद सत्र स्थगित, गेट पर धरना-प्रदर्शन न करें : स्पीकर

**नयी दिल्ली।** संसद के दनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। अपने समापन संबोधन में लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन के गेट पर कोई भी प्रदर्शन ना करे। पूरे शीतकालीन सत्र में अडाणी मुद्दे, मणिपुर मुद्दे पर हंगामा होता रहा। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी पेश किया गया।

### राहुल मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की और भाजपा के दो सांसदों के चोटिल होने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। एफआईआर में राहुल गांधी पर धमकाने के साथ सामुहिक अपराध की धारा लगायी गयी हैं। वहीं इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंप गयी है। क्राइम ब्रांच अब लोकसभा सचिवालय से सीसीटीवी फुटेज के लिए बात करेगी। क्राइम ब्रांच इस मामले में राहुल गांधी से भी पूछताछ कर सकती है। भाजपा की शिकायत के बावजूद हत्या के प्रयास के आरोप वाली धारा में केस दर्ज नहीं हुआ है लेकिन दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की धारा 115 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना , धारा 117 यानी स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना, धारा 125 यानी दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का काम, धारा 131 यानी आपराधिक बल का प्रयोग, धारा 351 यानी आपराधिक धमकी और धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।



# रणनीति बना नशे के कारोबार की कसें नकेल

## मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पोस्ते की खेती करनेवालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का दिया निर्देश,

### अभियान चलाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बना कर नकेल कसें। वह शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं। वे जेल जाने तक से नहीं डरते। इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें। नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है। वन विभाग जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर ऐसे स्थलों को चि?ित करे। फसलों को नष्ट करने के साथ इसकी खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई सुनि?ित करें। साथ ही जंगल की खाली जमीन पर पौधरोपण आदि के माध्यम से वन विभाग पोस्ते की खेती करनेवालों को हतोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर जन जागरूकता के माध्यम से भी नकेल कसा जा सकता है। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाये। इस पर भी रणनीति बना कर कार्य करने पर उन्होंने बल दिया। बैठक में पोस्ते की खेती से प्रभावित जिलों चतरा, खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची, चाईबासा और सरायकेला-खारसावां जिले के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने पोस्ते की खेती पर नकेल कसने की कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही, आगे की रणनीति भी बतायी। एनडीपीएस की ओर से पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से नशे के कारोबार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। बैठक में गृह सचिव श्रीमती वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैढक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्धकी भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राहुल ने संसदीय व्यवस्था को पहुंचाई चोट : चंद्रप्रकाश

**रांची।** आजसू पार्टी सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने राहुल गांधी के आचरण को निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हरकत से भारतीय संसदीय व्यवस्था को चोट पहुंचाया है। अराजकता करने की कोशिश की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को कलंकित किया है। उन्होंने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन करने के क्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार पूरी तरह से लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है।

### रिटायर्ड आईएएस अरूण सिंह ने किया सरेंडर, बेल मिली

**रांची।** उषा मार्टिन को अवैध तरीके से आवंटित खदान मामले में चार्जशीटेड आरोपी तत्कालीन खान सचिव सह पूर्व अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। साथ ही, आरोपी ने जमानत याचिका भी दाखिल की। इस पर सुनवाई प?ात अदालत सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। अदालत ने उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उन पर साल 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है। भ्रष्टाचार मामले को लेकर सीबीआई ने 22 सितंबर 2016 में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड कंपनी के निदेशक, कंपनी के सहायक उपाध्यक्ष एसके सिंह, एनके पटौडिया इंद्र देव पासवान, तत्कालीन खान सचिव अरुण कुमार सिंह पर जांच पूरी करते हुए जनवरी 2023 में चार्जशीट दाखिल की थी।

# युवाओं को भाजपा से जोड़ने की जरूरत : कर्मवीर सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला भाजपा मुख्यालय में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता शशांकराज ने किया। बैठक का संचालन रुपेश सिन्हा ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि युवाओं को पार्टी से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हार जीत राजनीति का हिस्सा है। पिछले चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन किया और आगामी समय में और भी मजबूत बनकर उभरेगी। उन्होंने परिवर्तन चौपाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 5 जिलों के अध्यक्षों को मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया। भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी विनय जायसवाल ने संगठन में 15 लाख नये कार्यकताओं को शामिल करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ भाजयुमो का संघर्ष जारी रहेगा। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने विधानसभा चुनाव में भाजयुमो के संघर्ष और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिवर्तन चौपाल के माध्यम से गांव-गांव जाकर सरकार की विफलताओं को उजागर किया गया। युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिये 60 लाख नये सदस्यों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर को राज्य के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों में वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सभी बूथों पर सुशासन दिवस मनाया जायेगा।

# झूठ, फरेब, छल व प्रपंच का सहारा लेकर देश की जनता को लगातार धोख दे रही है बीजेपी : केशव

## राहुल पर दर्ज कराये गये झूठे मुकदमें के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने निकाला आक्रोश मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भाजपा नेताओं द्वारा दर्ज कराए गए झूठे मुकदमे के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने आक्रोश पूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इसको लेकर कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि भाजपा की पूरी नीति झूठ, फरेब, छल, प्रपंच पर ही टिकी हुई है। बीजेपी इसी का सहारा लेकर पूरे देश की जनता को लगातार धोखा दे रही है। भारत रत्न बाबा साहब का अपमान करने वाले गृहमंत्री के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण प्रदर्शन भाजपा को पसंद नहीं आया। जनता के चुने हुए विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को भाजपा के सांसदों ने सत्ता के घमंड में संसद के अंदर प्रवेश करने से रोका,जिस पर कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी के नेतृत्व विरोध किया। इसे देखते हुए बीजेपी नेताओं ने फर्जी ड्रामा किया और इसी ड्रामा के तहत झूठा मामला बनाकर राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के अपमान से पूरा देश उद्वेलित है और इसी से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने सियासी ड्रामा रचा है। इसके बावजूद भाजपा के ड्रामे से कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। बाबा साहेब के अपमान का विरोध पुरजोर तरीके से किया जाएगा।

**कार्यक्रम में ये नेता थे शामिल :** विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केएन त्रिपाठी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, रवीन्द्र सिंह, जयशंकर पाठक, सुलतान अहमद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहु, आभा सिन्हा, निरंजन पासवान, सोनाल शांति, राजन वर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, शान्तनू मिश्रा, डॉ राकेश किरण महतो, सुरेन्द्र सिंह, मुन्नम संजय, नेली नाथन, केदार पासवान, पप्पु अजहर, अमरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह बेनी, ईश्वर आनंद, चंचल चटर्जी, अरूण साहु, नीतू देवी, मुन्ना सिंह, राजू राम, बशिष्ट लाल पासवान, नागो चौधरी, फिरोज रिज्वी मुन्ना, नीलम सहाय, अनिल उरांव, विकास सिंह, संजय कुमार, आशुतोष पाठक, राजीव चौधरी, आशुतोष पाठक आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

### बीजेपी के चिरकुट नेता राहुल को कर रहे हे बदनाम: राजेश कच्छप

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि देश के सबसे बड़े पंचायत में भाजपा के कुछ चिरकुट नेता भी उपस्थित है। वीडियो फुटेज और सांसद के बयान से साफ है कि राहुल गांधी निर्दोष हैं। अडानी प्रकरण और युवाओं को रोजगार से भटकाने की यह भाजपा की साजिश है। राहुल गांधी संविधान को बचाने और देश को जोड़ने के लिए पूरे देश की यात्रा करते हैं और उन पर झूठा मुकदमा किया जा रहा है ,यह सिर्फ कांग्रेस का अपमान नहीं बल्कि न्याय का अपमान है। देश तानाशाही से नहीं लोकतंत्र से चलेगा।

### मुकदमा कर बीजेपी ने नीचता की हद पार कर दी : ठाकुर

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के ऊपर मुकदमा दर्ज करना संसदीय इतिहास का काला दिन है। गोडसे के कदमों पर चलने वाली भाजपा निचता की हद तक गिर सकती है। जिस तरह से राहुल गांधी के ऊपर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है, उससे हमें आशंका है कि इलाजरत सांसद की हत्या भी भाजपा कर सकती है ताकि फर्जी मुकदमे को सच में बदल सके। इलाजरत सांसद को कड़ी सुरक्षा की आवश्यकता है। गोडसे जैसे हिंसात्मक विचार रखने वाली भाजपा ऐसे कृत्यों को अंजाम दे सकती है। उन्होंने कहा कि जिस नाम के आगे गांधी शब्द जुड़ा हुआ है वह हिंसा नहीं कर सकता। हिंसा गोडसे के चेले करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने भी अपना विचार रखा।


**शपथ पत्र**

मैं उर्मिला कुमारी पिता स्व. अरविंद ठाकुर, निवासी ग्राम जुरू, पो. बसौरा, थाना लेस्लीगंज, जिला पलामू झारखंड, शपथ पूर्वक इकरार करती हूं

यह कि मैं उक्त नाम व पते की निवासी हूँ और आज से इसी नाम से जाने जाएंगे और सारे कागजात पर इसी नाम से लेखा-जोखा होगा।

यह कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम निकू कुमारी शो कर रहा है, जबकि मेरा सारा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम उर्मिला कुमारी है।

यह कि मेरा आधार नंबर 666006297157 है। इसी आधार में अपना नाम उर्मिला कुमारी अंकित करना चाहती हूं।

यह है कि शपथ पत्र पर दी गई जानकारी सही व सत्य है।

Book No - 14
Serial No - 7341
Date - 27-11-2024


### पति की हत्या में पत्नी एवं प्रेमी को दोषी करार, फैसला आज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त द्वितीय मनीष रंजन की अदालत ने हत्या मामले की सुनवाई करते हुये प्रेमी राज मुंडा और पत्नी अंजली देवी को दोषी करार दिया है। साथ ही सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 21 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। खेलगांव के गाड़ीगांव निवासी अंजली देवी ने अपने प्रेमी राज मुंडा के साथ साजिश रचकर अपने पति राजू मिर्धा की हत्या करने का आरोप है। अंजली और राज के बीच अवैध संबंध था। मृतक कमाने गुजरात गया हुआ था। उसी दौरान उसकी दोस्ती नामकुम के लालखंटगा निवासी राज मुंडा से हो गई थी। दोस्ती ऐसी हो गई कि राज मुंडा महिला के घर आने जाने लगा था।

## कृषि मंत्री ने मेधा डेयरी का किया औचक निरीक्षण, कहा

# झारखंड में बढ़ेंगे मिल्क कलेक्शन सेंटर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी जायजा लिया। उन्होंने मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में बिचौलिये सक्रिय हैं। ऐसे में पशुपालक किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करने की बात कही। ताकि बिचौलियों के सिंडिकेट को समाप्त कर पशुपालकों से उचित मूल्य पर दूध एकत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तीन लाख लीटर दूध कलेक्शन हो रहा है। लेकिन बाजार की मांग 10 लाख लीटर प्रतिदिन है। बाजार के डिमांड को दूसरी कंपनियां पूरी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पशुपालन के जरिये महिलायें आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है। आज वह दूध बेचकर प्रति माह 2 लाख रुपये तक का आय हासिल कर रही है।

# राजस्व संग्रहण को लेकर गंभीरता दिखायें : बिरुआ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** परिवहन, भूमि सुधार एवं भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राजस्व संग्रहण की दिशा में भू राजस्व विभाग के अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। श्री बिरूआ शुक्रवार को समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम जनों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास होना चाहिये। विसंगतियों को दूर कर हमें राज्य और राज्यवासियों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। बैठक में विभागीय सचिव के अतिरिक्त सभी जिला के एसी और डीसीएलआर उपस्थित थे। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में मंत्री ने सभी एसी और डीसीएलआर से एक एक कर बात कर उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि के संबंधित मामलों एवं आम लोगों से जुड़े मामलों पर गंभीरता कार्यों करते हुये जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की समीक्षा बैठक समय-समय पर आयोजित होगी। ताकि कार्यों की गति और अधिकारियों की कार्य क्षमता का आकलन बेहतर निर्णय लिया जा सके।


झारखण्ड सरकार उद्योग विभाग
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय
उद्योग भवन, रातु रोड, राँची–834001
टेन्डर कैन्सिल सूचना

हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय, झारखण्ड, राँची के आदेश ज्ञापांक–1239, दिनांक 11.12.2024 के द्वारा उद्योग भवन, रातू रोड, राँची की साफ–सफाई एवं रख–रखाव से संबंधित आमंत्रित प्रकाशित निविदा संख्या–PR 341840 Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft (24-25)D को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

ह0/–
उप उद्योग निदेशक
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

PR 342447 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)D



कार्यालयः– जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा
समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटी टोली, सिमडेगा।
Email ID-simdegamdm@gmail.com Fax&Phone:06525-22644
आवश्यक सूचना

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक 2166 दिनांक 10 दिसम्बर 2024 के द्वारा पूर्व में प्रकाशित PR 341715 Simdega (24-25)_D जिला के आधिकारिक वेबसाईट www. simdega.nic.in पर प्रकाशित औपबंधित वरीयता सूची के विरूद्ध दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 20.12.2024 तक निर्धारित थी। पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए दावा आपत्ति हेतु अंतिम तिथि 9 जनवरी 2025 तक निर्धारित की जाती है।

शेष निदेश पूर्व निर्गत पत्र ज्ञापांक 2166 दिनांक 10 दिसम्बर 2024 के अनुरुप रहेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 342531 Simdega(24-25)D


## 68वी राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी और तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक, बोलें विभागीय सचिव

# राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी में कोई कोताही ना बरते

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** 68वे राष्ट्रीय स्कूल खेलो की मेजबानी और उसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में विभागीय सचिव के अलावा राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (झारखंड सरकार) के निदेशक संदीप सिंह, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (झारखंड सरकार) के उपनिदेशक राजकिशोर खाखा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवंदु दुबे समेत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के पदाधिकारीगण, रांची नगर निगम के पदाधिकारी, विभिन्न खेल संघो, एनसीसी के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में खेलो के आयोजन के दौरान विधि व्यवस्था, स्वच्छता, आवासन, चिकत्सकीय सुविधाओं समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए विभागीय सचिव ने पदाधिकारियों को जल्द से जल्द सभी तैयारी पूरा कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने आयोजन में आ रही बालक-बालिकाओ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवासन एवं परिवहन के लिए किये गए प्रबंधों की लगातार निगरानी और आदर्श मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने आवासन के लिए होटलो के चयन में सावधानी बरतने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी तरह से सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होना चाहिए, इसके लिए रांची जिला प्रशासन आयोजन समिति के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस बलो की तैनाती सुनि?ित करे। उन्होंने नगर निगम के पदाधिकारियों को आयोजन स्थल की लगातार साफ सफाई करवाने और स्वछता कार्यो के लिए मानव बल को तैयार रखने का निर्देश दिया।

### रांची में होगा पांच राष्ट्रीय स्तर के खेलो का आयोजन

68वे राष्ट्रीय स्कूल खेलो के अंतर्गत झारखंड को नये वर्ष के जनवरी माह में पांच राष्ट्रीय स्तर के खेलो के आयोजन की मेजबानी मिली है। इनमे अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स, अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स, अंडर 14/17/19 बालक/बालिका वर्ग ट्रैक साइकिलिंग, अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग टेनिस, अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग हॉकी प्रतियोगिता शामिल है। अंडर 19 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 5 जनवरी से 8 जनवरी तक होगा। इसमें बालक/बालिकाओ और अधिकारियो को मिलाकर कुल 4000 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 14 एथलेटिक्स में बालक/बालिकाओ और अधिकारियो को मिलाकर कुल 2044 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसका आयोजन दिनांक 11 जनवरी से 14 जनवरी तक होगा। अंडर 19 टेनिस का आयोजन दिनांक 17 से दिनांक 19 जनवरी तक होगा। इसमें देशभर से 616 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 14 ट्रैक साइकिलिंग का आयोजन दिनांक 17 जनवरी से दिनांक 20 जनवरी तक होगा। इसमें 1540 प्रतिभागी शामिल होंगे। अंडर 19 हॉकी का आयोजन 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक होगा। इसमें कुल 1760 प्रतिभागी शामिल होंगे।

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव की रंगारंग शुरुआत, मंत्री ने किया उद्घाटन

# खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को मिला बाजार : दीपिका पांडेय सिंह

### खादी से जुड़कर गांव में रहने वाले लोगों की आर्थिक उन्नति संभव है : संजय प्रसाद यादव

- जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम मेले के आकर्षण का केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव की रंगारंग शुरुआत शुक्रवार को मोराबादी मैदान में हुई। मेले का उद्घाटन करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को गांव तक ले जाने का एक सार्थक प्रयास है। खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को एक बाजार मिला है। जहां उनकी प्रतिभा को उचित दाम मिल रहा है। उम्मीद करती हूं कि यह मेला हम सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की दूरदर्शी सोच से राज्य उन्नति की पथ पर आगे बढ़ रहा है। हमें खादी को बहुत आगे लेकर जाना है। इसलिए खादी से जुड़े बुनकरों की समस्याओं पर ध्यान देना है। उन्हें प्रशिक्षित करना है ताकि पलायन रोका जा सके और झारखंड आगे बढ़े। विभाग से जुड़ी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। खादी से जुड़कर गांव में रहने वाले लोगों की आर्थिक उन्नति संभव है।

**ये लोग रहें मौजूद**

कार्यक्रम में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग के सीईओ हिमांशु मोहन, झारक्राफ्ट की एमडी कीर्ति सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।

**500 से ज्यादा स्टाल लगे हैं : उद्योग सचिव**

उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य खादी को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस बार 500 से ज्यादा स्टाल लगे हैं। कला और संस्कृति विभाग की ओर से हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस बार मेले में स्टॉल के नाम पेड़ों के नाम पर रखे गए हैं। वहीं खादी संस्थाओं के साथ-साथ विभिन्न सरकारी, पीएमईजीपी, सरस एवं गैर सरकारी संस्थाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मेले में चलंत शौचालय और चलंत एटीएम की भी व्यवस्था की गई है।

# मनचलों के खिलाफ रांची पुलिस ने किया पैदल मार्च

- ग्रामीण एसपी ने छात्राओं को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जिस थाना में नहीं होगी कार्रवाई वे होंगे निलंबित**

मनचलों के खिलाफ अभियान को लीड कर रहे ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि छात्राओं को भरोसा दिलाया गया है। वह थाना में शिकायत दर्ज करवाएं उस पर कार्रवाई होगी। जो अधिकारी या थानेदार उनकी शिकायत को लापरवाही भरे अंदाज में रखेंगे उन्हें शीघ्र निलंबित किया जाएगा।

**रांची।** राजधानी में छेड़खानी की वारदातों पर नकेल कसने के लिए और मनचले पर लगाम लगाने के लिए रांची पुलिस ने शुक्रवार को युद्ध स्तर पर कारवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले को लेकर शुक्रवार को रांची जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी थाना में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए पैदल मार्च किया। इस दौरान सभी थाना क्षेत्र में पढ़नेवाले स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान एवं गर्ल्स हॉस्टल में जाकर उनसे बात की गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया, साथ ही साथ कहीं पर छेड़छाड़ का मामला आता है तो इस संबंध में उन्हें 100, 112 डायल कर तथा क्यूआर कोड के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया। इसमें उनके नाम की गोपनीयता रखी जाएगी। अगर इस तरह का कोई मामला आता है और उस मामले में किसी भी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा अगर लापरवाही बरती जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पदयात्रा के दौरान सभी थाना क्षेत्र में स्कूल-कॉलेज और दूसरे शिक्षण संस्थानों के बाहर अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ एक साथ कार्रवाई की गई।

इस संबंध में रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा का कहना है कि स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी कर छेड़खानी करने वाले मनचलों के अब किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस कड़ी में अड्डेबाजी करने वाले के खिलाफ एक बड़ी मुहिम छेड़ दी गई है।

वहीं दूसरी ओर इस कड़ी में ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिला कॉलेज में जाकर वहां की छात्राओं को यह भरोसा दिलाया कि वह केवल सूचना दें मनचलों पर कार्रवाई पुलिस करेगी। साथ ही आलाधिकारियों के साथ पुलिस की टीम ने छात्रों के साथ बात भी की।


गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 71500 रु./10 ग्राम
चांदी : 91000 रु./प्रति किलो




## वर्ल्ड मेडिटेशन डे आज मनाया जायेगा

- हार्टफूलनेस करेगा दादा जी का सामूहिक ध्यान शिविर का ऑन लाईन आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वर्ल्ड मेडिटेशन डे आज मनाया जायेगा। इस मौके पर शहर में कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। हार्टफूलनेस की ओर से दादाजी का सामूहिक ध्यान का शिविर का ऑन लाईन आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर संध्या 5:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस शिविर में भाग लेने के लिये हार्टफुलनेस ऐप को डाउनलोड करना होगा।

**कौन हैं दादा जी**

कमलेश डी. पटेल जिन्हें दादा जी के नाम से जाना जाता है। ये एक आध्यात्मिक नेता और श्री राम चंद्र मिशन के वर्तमान अध्यक्ष हैं। उनका जन्म 28 सितंबर, 1956 को गुजरात के काला में हुआ था।

## प्रशिक्षण पायें, मछलीपालन कर आमदनी बढ़ायें : डॉ एचएन द्विवेदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार में शुक्रवार को निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कृषकों को मछली पालन कर आत्मनिर्भर बनने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण द्वारा मत्स्य पालन में क्रांति लाई जा रही है। इसे नीली क्रांति कहा जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत ही विभाग की योजनाओं का बेहतर लाभ उठाया जा सकता है।

डॉ द्विवेदी ने कहा कि तीन तरह के प्रशिक्षण मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र में संचालित किये जा रहे हैं। इससे बायोफ्लाक के मत्स्य पालक, तालाब के मत्स्यपालक, रंगीन मछलीपालन की महिलायें लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की मत्स्य विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन को विभाग तत्पर है। उन्होंने मत्स्य निदेशालय की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर काफी संख्या में मत्स्य कृषक उपस्थित थे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

### रांची एसएसपी ने चार पुलिस अधिकारियों का किया तबादला, आदिकान्त महतो बने कोतवाली थानेदार

**रांची।** रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने चार पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। आदिकान्त महतो को कोतवाली थानेदार बनाया गया है। रेणुका टुडू को महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। विश्वजीत कुमार को विधानसभा थाना प्रभारी बनाया गया है। प्रदीप कुमार राय को कोतवाली थाना में पदस्थापित किया गया है।

### बड़ा तालाब में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब में युवक का शव बरामद हुआ है। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने बड़ा तालाब में तैरता हुआ शव देखा, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### हथियार तस्करी में शामिल ओमप्रकाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार, हटिया विस से लड़ा था चुनाव

**रांची।** हथियार तस्करी में शामिल ओमप्रकाश गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुआ ओमप्रकाश बीते महीने हुए विधानसभा चुनाव में हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ा था। गौरतलब है कि इस साल बीते छह नवंबर को भेष बदलकर पिस्टल की खरीदारी करने पहुंचे कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए मुस्लिम वेशभूषा में पिस्टल का खरीदार बनकर पहुंचे थे। इस दौरान मो. राजन नाम के हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो देसी पिस्टल भी बरामद किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधकर्मी अवैध हथियार लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी रांची अखाड़ा चौक के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। इसके बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस तस्करी में ओमप्रकाश भी शामिल था।

### विदेशी हथियारों से जुड़े मामले में दो को 15-15 साल की कैद

रांची। हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सिलोधर जंगल में माओवादियों को आपूर्ति करने से पूर्व जब्त विदेशी हथियारों से जुड़े मामले में एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने शुक्रवार को ट्रायल फेस कर रहा दो अभियुक्त अनिल कुमार यादव व प्रफुल्ल मालाकार को दोषी करार कर 15-15 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अदालत ने अनिल यादव पर 41 हजार एलं प्रफुल्ल पर 33 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर अनिल को 6 साल 3 माह एवं प्रफुल्ल को 3 साल 10 महीने अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने अनिल को भादवि, आर्म्स एक्ट, यूएपीए सीएलए की अलग-अलग कुल 12 धाराओं में प्रफुल्ल को 8 धाराओं में सजा सुनाई है। सुनवाई के दौरान दोनों अभियुक्तों को जेल से कोर्ट लाया गया था। मामला क्या - विदेशी हथियार बरामदगी मामले में सबसे पहले हजारीबाग के चौपारण थाना में 29 अगस्त 2012 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद एनआईए ने सितंबर 2012 को टेक ओवर किया था। सिलोधर जंगल से मेड इन यूएसए की एम 16 राइफल, 14 कारतूस, नाइन एमएम की एक देसी पिस्तौल, नाइन एमएम के दो एफ कारतूस, 5.56 एमएम की राइफल, इसका एक एमटी मैग्जीन समेत अन्य हथियार बरामद किया गया था। हथियारों की दिल्ली स्थित सीएफएसएल में जांच में पुष्टि हुई थी।

## झारखंड मैथिली मंच का मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2025 का लोकार्पण 22 को

- रूपा देवी विदेह साहित्य सम्मान डॉ अशोक कथाकार को प्रदान किया जाएगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच के भवन बाबा विद्यापति दलान हरमू के सामने छठ घाट मैदान में मैथिली अधिकार दिवस के अवसर पर मैथिली पंचांग सह कैलेन्डर 2025 का लोकार्पण समारोह दिनांक 22.12. 2024 रविवार को होगा। इस अवसर पर 'मिथिलाक्षर के उपेक्षा से मिथिला पर दुष्प्रभाव' विषय पर साहित्यिक परिचर्चा, कवि गोष्ठी, कुछ पुस्तकों का विमोचन एवं रूपा देवी विदेह साहित्य सम्मान डाक्टर अशोक कथाकार को प्रदान किया जाएगा। सम्मान में 35,000 रु. नगद राशि एवं पाग तथा दोपट्टा देने की परंपरा का निर्वहन होगा। अंत में मैथिली पंचांग सह कैलेन्डर 2025 का लोकार्पण होगा। समारोह में अनेकों साहित्यकार विद्वान कविगण के संग नगर के नामचीन हस्तियों के भाग लेने की संभावना है।

उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मंच के भवन में विशेष समीक्षा वैठक की गयी, जिसमें मुख्य रूप से महासचिव जयन्त कुमार झा, भारतेन्दु कुमार झा, प्रेम चन्द्र झा, ब्रज किशोर झा, राज कुमार मिश्र, ब्रज कुमार झा, संतोष कुमार मिश्र, सुरेश नारायण झा, रंधीर झा, आत्मेश्वर झा सहित अनेक सदस्य उपस्थित हुए।

## गैर झारखंडियों को चिन्हित कर रहे हैं, फर्जी आंदोलनकारी : प्रभाकर तिर्की

- फर्जीवाड़े के खिलाफ दर्ज कराया जाएगा मुकदमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कुछ स्वार्थी तत्व आंदोलनकारी संगठन के नाम पर आंदोलनकारियों को गुमराह कर उनसे पैसे वसूली का कार्य कर रहे हैं तथा वैसे लोगों को भी झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित करने का कार्य कर रहे हैं, जो कभी आंदोलनकारी नहीं रहे। सच तो यह है कि आज भी आंदोलन में शामिल हजारों लोग आंदोलनकारी के रूप में राज्य सरकार द्वारा चिन्हित नहीं हो पाए हैं। यह भी सूचना मिल रही है कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के नाम पर कुछ लोक सक्रिय हैं और आंदोलनकारियों से अवैध रूप से एक मुश्त राशि की उगाही कर रहे हैं। इस क्रम में एक मुश्त राशि लेकर गैर आंदोलनकारियों को भी आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। ये बातें शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा के नेता प्रभाकर तिर्की ने कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी क्रांति मोर्चा ऐसे संगठनों और उसके नेताओं के खिलाफ झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग एवं गृह विभाग और राज्य सरकार के पास शिकायत दर्ज कराएगा। आवश्यकता पड़ी तो उनके द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

# एक्सटर्नल चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म से 2018-19 से 2022-23 तक लेखा संकलन का कार्य करायेगा राज्य आवास बोर्ड



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में आवास बोर्ड की 76वीं बैठक शुक्रवार को झारखंड राज्य आवास बोर्ड के मुख्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के साथ 20 सितंबर को बोर्ड की हुई 75वीं बैठक के कार्यवाही की सम्पुष्टि हुई। वित्तीय वर्ष 2018-19 से वित्तीय 2022-23 तक झारखंड राज्य आवास बोर्ड के लेखा संकलन का कार्य वाह्य स्त्रोत चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म से कराने के संबंध में फैसला हुआ।

बैठक में झारखंड राज्य आवास बोर्ड में सविंदा के आधार पर नियुक्त कर्मियों का राज्य सरकार द्वारा निर्गत संकल्प के अनुरूप एक मुश्त संविदा राशि में अभिवृद्धि के संबंध में चर्चा हुई। राज्य सरकार के कर्मियों को देय आवास भत्ता की दरों के अनुरूप झारखंड राज्य आवास बोर्ड के कर्मियों को देय आवास भत्ता की दरों को 30, 20 एवं 10 प्रतिशत अभिवृद्धि करने, राज्य सरकार के कर्मियों को देय परिवहन भत्ता के अनुरूप झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के कर्मियों को देय परिवहन भत्ता की दरों में संशोधन कर भुगतान करने, झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न प्रमंडलों में आवश्यकतानुसार दैनिक मजदूरी पर अमीन की सेवा प्राप्त करने के संबंध में चर्चा हुई।

इसके अलावा आवास बोर्ड के बरियातू रांची स्थित भूखंड संख्या-01 पर आवासीय व्यवसायिक काम्प्लेक्स निर्माण योजना का क्रियान्वयन, आवास बोर्ड के धुर्वा स्थित 5 एकड़ भूखंड प्लॉटिंग तैयार कर आवंटित किए जाने और भूखण्ड संख्या 2 को यथावत रखते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने पर विमर्श हुआ। बैठक में आवास बोर्ड के मनोनीत सदस्य अभिलाष साहू, नितिन अग्रवाल, एम.डी अमित कुमार, सचिव विनय मनीष लकड़ा आदि भी उपस्थित थे।

**एमएस धौनी के पुराने घर पर बोर्ड की नजर**

बोर्ड की मीटिंग के बाद मीडिया से बात करते हुए एक सवाल के जवाब में संजय लाल पासवान ने कहा कि आवास बोर्ड महेंद्र सिंह धौनी को नोटिस भेज सकता है। यह नोटिस हरमू रोड स्थित उनके पुराने घर के मामले में भेजा जाएगा। राज्य सरकार ने इंडियन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धौनी को हरमू रोड पर एक प्लॉट आवंटित किया था। इसके बाद उन्होंने अपना घर बनाया था। हालांकि, अब धौनी रिंग रोड के पास सिमलिया में रहते हैं। इधर, उनके हरमू स्थित आवंटित प्लॉट पर एक लैब खोले जाने की सूचना सामने आ रही है। इसे आवास बोर्ड ने संज्ञान लिया है। बोर्ड के अध्यक्ष के मुताबिक, यह मामला उनके ध्यान में आया है। इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद यह निर्धारित किया जाएगा कि धौनी को आवंटित प्लॉट आवासीय या कमर्शियल परिसर के रूप में था। अगर उन्हें आवासीय प्लॉट दिया गया था और वह उसे व्यावसायिक उपयोग में ले रहे हैं, तो यह नियमों का उल्लंघन होगा। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बोर्ड ने पहले भी इस तरह के मामलों में कई प्लॉटों को नोटिस भेजा है। कुछ आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है।

## ऐतिहासिक होगा कांग्रेस का शताब्दी समारोह वस्थापना दिवस : शशि भूषण राय

- पाकुड़ में बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए कांग्रेस नेतागण, कार्यकर्त्ताओं को दी जीत की बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आदेशानुसार, बतौर पाकुड़ जिला कांग्रेस पर्यवेक्षक कांग्रेस नेता शशि भूषण राय ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश साहू की मौजूदगी में पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में शामिल हुए।

आगामी 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का 100 वर्ष के उपलक्ष्य पर शताब्दी समारोह तथा 28 दिसंबर 2024 को कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने पर चर्चा की गयी।

कार्यक्रम में श्री राय ने सर्वप्रथम पाकुड़ में मिली प्रचंड जीत पर सभी को बधाई दी एवं आलमगीर आलम, नवनिर्वाचित विधायक मैडम निशात आलम और युवा नेता तनवीर आलम के कुशल नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के समर्पण को सलाम किया।

बैठक में जिला अध्यक्ष कुमार सरकार, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला महासचिव कृष्ण यादव, अर्ध शेखर गांगुली, जिला सचिव पप्पू गगवानी, नगर अध्यक्ष वशराज गोप, मोनिता कुमारी, शहनाज खातून, प्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक, प्रखंड उपाध्यक्ष बसीर शेख, यूथ जिला उपाध्यक्ष बिलाल शेख, जैकी सादिक, सदीकुल आलम, रामविलास महतो एवं अन्य मौजूद रहे।

# केंद्रीय कारा के बंदियों को आगे की पढ़ाई के लिए एनआइओएस और इग्नू से जोड़ा जायेगा

## 46 बंदियों का नामांकन 10वीं में एवं 13 बंदियों का नामांकन इंटर एवं 13 बंदियों का स्नातक में करने की प्रक्रिया शुरू

- बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में दो दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश में डालसा, रांची के द्वारा दो दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में रह रहे बंदियों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना था। वैसे बंदियों को जिनका पढ़ाई कारा में बंद होने के कारण रूक गया था, उनका फिर से दसवीं और बारहवीं में नामांकन करके परीक्षा की व्यवस्था डालसा, रांची के सहयोग से राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के द्वारा कराये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। इसमें 46 बंदियों का नामांकन 10वीं में एवं 13 बंदियों का नामांकन इंटर में कराने की प्रक्रिया बढ़ा दी गयी। साथ ही इग्नू, रांची के द्वारा 13 बंदियों को स्नातक में नामांकन में प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी। ज्ञात हो कि बंदियों को इग्नू के द्वारा चलाये जा रहे कम्पयूटर लिट्रेसी कार्यक्रम से जोड़ने की भी प्रक्रिया को शुरू कर दी गयी है। बिरसा मुंडा कारा के अंदर इग्नू व एनआईओएस के स्टडी सेंटर भी खोल दिये गये हैं और जेल के अंदर ही परीक्षा कराने की व्यवस्था करायी गयी है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डालसा सचिव के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की प्रत्येक क्षेत्र में अहम रोल है और प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित होना ही चाहिए। वैसे बंदी जिनका पढ़ाई छूट गया है, वह अपने पढ़ाई को आगे जारी रख सकते है और परीक्षा देकर उत्तीर्ण हो सकते है। इस कारा में रह रहे बंदियों को शिक्षा के अधिकार के तहत शिक्षा मिलना अत्यंत आवश्यक है।

एन.आई.ओ.एस. के क्षेत्रीय निदेशक राजीव प्रसाद ने कहा कि इस संस्थान में प्रवेश लेकर और पढ़ाई करते हुए व्यक्ति अपने चरित्र का निर्माण कर सकता है और यहा से बाहर निकलकर रोजगार प्राप्त कर सकता है।

इस अवसर पर डालसा सचिव, कमलेश बेहरा, डिपुटी एलएडीसी, राजेश कुमार सिन्हा, विधि के छात्र-छात्राएं, काराधीक्षक, सुदर्शन मुर्मू, जेलर, एन.आई.ओ.एस. के क्षेत्रीय निदेशक, राजीव प्रसाद एवं उनके टीम के सदस्य के साथ अन्य उपस्थित थे।

## लंबित मंईयां योजना की सम्मान राशि शीघ्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मंईयां योजना के तहत महिलाओं के खाते में पैसे ट्रांसफर करने की कवायत हेमंत सरकार शुरू कर दी है। दिसंबर महीने से बढ़ी हुई राशि 2500 रुपए हर माह देनी है। संभावना यह जतायी जा रही है कि क्रिसमस से पहले राज्य सरकार महिलाओं को सौगात के रूप में बढ़ी हुई राशि मिल सकती है। अब तक मंईयां योजना के तहत लाभुकों की संख्या 64 लाख 62 हजार है, जिसमें से 53 लाख 65 हजार 345 लाभुकों को सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति मिली है। दिसंबर की राशि भुगतान में जैसे-जैसे समय बीत रहा है वैसे-वैसे इस पर विपक्ष के सवाल तल्ख होते जा रहे हैं। मंईयां सम्मान योजना के तहत बढ़ी हुई राशि के भुगतान के लिए सरकार पर भारी भरकम वित्तीय भार पड़ने वाला है। उसे पूरा करने के लिए हेमंत सरकार ने अनुपूरक बजट का भी सहारा लिया है। राज्य सरकार ने मंईयां योजना के तहत प्रत्येक महीने की 11 तारीख को सम्मान राशि देने की घोषणा कर रखी है। मगर दिसंबर महीने में अब तक राशि नहीं मिलने पर भाजपा ने सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा का कहना है कि विरोधाभासी निर्णय से यह सरकार खुद घिर चुकी है। भाजपा नेता कह रहे हैं कि एक तरफ सरकार ने सम्मान राशि बढ़ाने की घोषणा की है, वहीं दूसरी तरफ पूर्व में दिए गए पैसे को महिलाओं से वापस लेने की बात कर रही है। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने मंईयां सम्मान राशि नहीं मिलने पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि जो अपने चुनाव के वक्त वादा किया और इसको लेकर सरकारी स्तर पर निर्णय भी हुए उसे पूरा करना होगा। उन्होंने अंदेशा जताया है कि सरकार खुद इस तरह के निर्णय से फंस रही है और कहीं ना कहीं न्यायालय में जाकर इस पर रोक लगाने का काम ना कर दे।

**राशि जरूर मिलेगी**

विपक्ष की आलोचनाओं को खारिज करते हुए सत्तारूढ़ झामुमो ने कहा है कि मंईयां सम्मान राशि जरूर मिलेगी। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडे ने दावा किया कि जल्द ही बढ़ी हुई सम्मान राशि देने का काम सरकार करेगी।

## भारत सरकार के प्रबंधक उद्यमिता व पेशेवर कौशल परिषद पासवा इंडिया के बीच एमओयू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया द्वारा 12वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देश के 28 राज्यों से सैकड़ों पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस विकास वैभव, एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद, स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार के पदाधिकारी अभिजीत बैनर्जी, राष्ट्रीय पदाधिकारी एसपी वर्मा, फोजिया खान, धीरज मल्होत्रा ने मुख्य रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर भारत सरकार के प्रबंधक उद्यमीता व पेशेवर कौशल परिषद पासवा इंडिया के बीच एमओयू किया गया।

## फर्जीवाड़ा मामले में सीसीएल के जीएम समेत 22 दोषी करार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीपरवार क्षेत्र में अधिग्रहित जमीन के एवज में फर्जी तरीके से सीसीएल में नौकरी देने से जुड़े 29 साल पुराने मामले में शुक्रवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सीसीएल के तत्कालीन जीएम हरिद्वार सिंह उनका बेटा समेत 22 अभियुक्तों को दोषी करार कर 3-3 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने हरिद्वार सिंह को 58 हजार एवं अन्य 21 अभियुक्तों को 8-8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने मामले के दो आरोपी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सीसीएल के तत्कालीन सीनियर पर्सनल ऑफिसर की मिलीभगत से 28 ऐसे लोगों को सीसीएल में नौकरी दी गई। जिनकी एक इंच भी जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया था। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद सीबीआई ने साल 1998 में प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई की ओर से लोक अभियोजक खुशबू जायसवाल ने अदालत में पक्ष रखी थीं।

**इन अभियुक्तों को सजा**

मामले में हरिद्वार सिंह, उनका बेटा प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, कृष्ण नंद दुबे, मुरारी कुमार दुबे, मनोज पाठक, प्रमोद कुमार, दिनेश रॉय, ललित मोहन सिंह, संजय कुमार, मनदीप राम, बैजनाथ महतो, हेमाली चौधरी, बिनोद कुमार, जयपाल सिंह, बिपिन बिहारी दुबे, बंसीधर दुबे, निरंजन कुमार, अजय प्रसाद, केदार प्रसाद, परमानंद वर्मा एवं गुरुदयाल प्रसाद को सजा सुनाई गई है।

**क्या है मामला :** जमीन अधिग्रहित की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नौकरी संबंधी प्रस्ताव सीसीएल मुख्यालय भेजा गया। साल 1995 में दो बार में क्रमशः 14 एवं 4 लोगों को जमीन के एवज में नौकरी दी गई। साल 1996 में 10 लोगों को सीसीएल में नौकरी दी गई। फर्जी कागजात पर कुल 28 लोगों को नौकरी दी गई। सीबीआई ने 3 को वादामाफ गवाह बनाया था। एक का केस बंद किया गया था। सभी ने जमीन का गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर अधिकारियों की मिलीभगत से नौकरी पाने में सफल रहा। फर्जीवाड़े का उजागार साल 1998 में उस समय हुआ जब वास्तविक हकदार अधिग्रहित जमीन का कागजात लेकर नौकरी मांगने आया। फर्जीवाड़े को लेकर सीबीआई ने 18 अगस्त 1998 को प्राथमिकी दर्ज की। सीबीआई ने पांच साल बाद जांच पूरी करते हुये 3 मई 2003 को चार्जशीट दाखिल की थी।

## क्रिसमस भाईचारे का त्यौहार : दीपिका पांडे

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** क्रिसमस भाईचारे का त्यौहार है। ये बातें कृषि मंत्री दीपिका पांडे ने शुक्रवार को 650 से अधिक आउटरीच बच्चों के लिए ओल्ड जेवेरियन और सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा द्वारा आयोजित बहु-विश्वास क्रिसमस समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने पर सम्मानित महसूस कर रहीं हूं। इस मौके पर फादर अजीत खेस सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## हिल टॉप पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग में जिंगल बेल्स पर थिरके बच्चे



रांची। हिल टॉप पब्लिक स्कूल बरियातू के प्रांगण में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग एवं साथ-साथ में पिकनिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिंगल बेल्स के धुन पर बच्चे अपने शिक्षकगणों के साथ थिरके एवं गायन वादन का आनंद लिया। स्कूल के डायरेक्टर राजेश कुमार गुप्ता, प्राचार्य संगीता राज एवं उपप्राचार्य सुनीता श्रीवास्तव ने अपने स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ उपस्थित होकर बच्चों की हौसला अफजाई की।

## मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया गर्म कपड़े का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक ट्रस्ट के ट्रस्टी स्वर्गीय चंद्र किशोर वर्मा के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरुप रांची और मुजफ्फरपुर के विभिन्न सुदूर वर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच कंबल गर्म कपड़े का वितरण किया। इस अभियान की शुरूआत 16 दिसंबर को ओरमांझी प्रखंड के चंद्रा बेड़ा गांव से की गई, जहां मुखिया सीमा तिर्की और उप मुखिया चंद्रा उरांव जी की उपस्थिति में स्थानीय ग्रामीण एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल गर्म कपड़े मोजे जैकेट टोपी शॉल आदि का वितरण किया गया । वही मुजफ्फरपुर बिहार में राहगीरों,एवं रिक्शा चालकों के बीच कंबल, गर्म कपड़े एवं अप्पन पाठशाला के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। ट्रस्ट के ट्रस्टी अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। संस्था की सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने सभी दानदाताओं का आभार प्रकट करते हुए यह कहा कि अगर सभी की सहयोग नहीं मिला होता तो हम इतने बड़े अभियान का हिस्सा नहीं बन पाते। ट्रस्ट के ट्रस्टी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम का समापन नहीं, बल्कि ठंड को देखते हुए यह सेवा निरंतर जारी रहेगा।

कंबल वितरण में अभिषेक कुमार मिंकु, शैलेंद्र सिंह, शोभा वर्मा, प्रियंका शर्मा, वंदना उपाध्याय, रिमझिम कुमारी, वैष्णवी, रिंकू सिंह,, गीता देवी, विनोद जी, ममता जी के साथ संगीता चक्रवर्ती, अभिषेक आसू, शुभम सिंह, अनूप, शालिनी शरण, विजय शंकर उपाध्याय, शिखा दुबे लावण्या, स्नेहलता, रूपेश, जया कुमारी, नीतू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पीएमएफएमई योजना का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार करे : अलका तिवारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) का जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। वह शुक्रवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना राज्यस्तरीय अप्रूवल कमिटी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के उद्यमियों, विशेषकर महिला उद्यमियों के स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिये भी आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में कृषि सचिव, उद्योग सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि, उद्योग निदेशक, सीईओ लघु कुटीर बोर्ड, नाबार्ड, एसएलबीसी, बीआइटी मेसरा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिला एएचपीआई झारखंड चैप्टर का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) झारखंड चैप्टर का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिला और राज्य का स्वास्थ्य मंत्री बनने पर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में एएचपीआई की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने राज्य में निजी अस्पतालों को चलाने में एएचपीआई को सरकार से मिल रहे सहयोग के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी निजी अस्पतालों के मालिकों से मिलना चाहा और प्रतिनिधिमंडल को निजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों को हर तरह से समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना सहित सभी सरकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में निजी अस्पतालों की भूमिका की भी सराहना की, हालांकि उन्होंने निजी अस्पतालों को मरीज की वास्तविक शिकायतों पर ध्यान देने के लिए भी आगाह किया। प्रतिनिधिमंडल में डॉक्टर सईद अहमद अंसारी अध्यक्ष, डॉ. राजेश कुमार सचिव, श्री जोगेश गंभीर पूर्व अध्यक्ष, डॉ शंभु प्रसाद सिंह उपाध्यक्ष शामिल हैं।

## रांची विवि का युवा महोत्सव रहा गुलजार

रांची। इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ रंग के पहले दिन शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें 246 छात्र छात्राओं ने स्पद्धाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। बेसिक साईंस परिसर के फिजिक्?स, केमिस्ट्री, आइक्यूएसी तथा अटल स्मृति सभागार में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ । क्विज में कुल 43 छात्रों ने भाग लिया। इसमें से 15 छात्र फाइनल में पहुंचे। फाइन आर्ट की प्रतियोगिताओं में थीम के अनुसार छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्टूनिंग का थीम एक वृक्ष एक जीवन वहीं पोसटर मेकिंग का थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत रखा गया था। वहीं रंगोली तथा मेहंदी में छात्रों को अपनी मर्जी से रचनात्?मकता दिखानी थी। इन स्पद्धाओं के फाइनल में पहुंचे विजयी छात्रों का चयन विभिन्न इवेंट के जजों ने कर लिया है। इसकी घोषणा 22 दिसंबर के समारोह में की जायेगी।21 दिसंबर को भी कई इवेंट आयोजित किये जायेंगे। जिसकी पूरी तैयारी आयोजन समिति द्वारा कर ली गयी है।

## झारखंड विस में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

- दलित अधिकार सम्मेलन आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय बुद्धिस्ट सोसायटी ने शुक्रवार को धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा क्लब में एक दिवसीय दलित अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में झारखंड विधानसभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किये जाने की मांग उठायी गयी। दलित परिवारों ने इस मुद्दे को लेकर आगामी होने वाले सत्र में विधानसभा घेराव की योजना बनायी है। सम्मेलन में उपस्थित बुद्धिस्ट सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को 24 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक राज्य में कही भी बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नहीं की गयी है। सम्मेलन में वक्ताओं ने यह कहा कि 4, 5 और 6 जनवरी को हैदराबाद में दलित अधिकार मंच का महासम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें हजारों अनुसूचित जाति के लोग शामिल होंगे।

## डीएवी सरला स्कूल में प्री क्रिसमस का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में शुक्रवार को प्री क्रिसमस का आयोजन धूमधाम से किया गया। बच्चे रंग बिरंगे और सांता क्लॉज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए। सभी बच्चों ने वेलकम सॉन्ग से शिक्षकों एवं अभिभावकों का अभिवादन किया।

क्रिसमस महोत्सव के मौके पर बच्चों ने ईसा मसीह के जीवन पर कार्यक्रम पेश किए। रंग बिरंगे पोशाक पहने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक मेंहुल दूबे ने केक काटकर बच्चों एवं अभिभावकों के साथ क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षिका मेघा बाखला सांता क्लॉज बनी एवं बच्चों के टॉफी देकर आनंदित किया। बच्चों ने सांता क्लॉज के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज,मेघा बाखला,महिमा सिंह ने भी नृत्य प्रस्तुत किया।

# रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में चलाया गया प्लांटेशन ड्राइव

- डीपीएस के बच्चों नें पौधारोपण कर दिया समाज को संदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** शुक्रवार को रांची स्मार्ट सिटी एबीडी क्षेत्र में प्लांटेशन ड्राइव चलाया गया। इसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने हिस्सा लिया। डीपीएस के बच्चों नें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकार समाज को वन प्लांट, वन लाइव का संदेश दिया। कार्यक्रम में डीपीएस के इको कल्ब के सदस्य छात्रों नें पौधरोपण कर उन पौधों की विशेषताओं की जानकारी ली। स्मार्ट सिटी के हॉर्टीकल्चर विशेषज्ञ नरेन्द्र राणा ने बच्चों को हर प्लांट का नाम उसकी विशेषता के बारे में बच्चों को बताया। कार्यक्रम में क्लास 9 व 11 के कुल 50 बच्चे स्मार्ट सिटी कैंपस पहुंचे थे। पौधरोपण अभियान के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, हवा की शुद्धता को बरकरार रखना तथा जीवन के लिये शुद्ध हवा और प्रकृति के लिये पेड़ पौधों की जरूरत की महता बताया गया। बताया गया कि स्मार्ट सिटी क्षेत्र में हरियाली को बरकरार रखने के लिए कई ग्रिन इनिशिएटिव अपनाया गया है। इसमें लाखों की संख्या में पेड़ पौधे भी शामिल हैं। मौके पर डीपीएस के छात्रों नें भी पौधरोपण का अनुभव साझा किया तथा अपने अपने प्लांट के साथ फोटो खिंचवाये। मौके पर स्मार्ट सिटी की ओर से महाप्रबंधक तकनीकी राकेश कुमार नंदक्योलिया, जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार, प्रबंधक प्रशासन आशुतोष कुमार, अभिषेक कुमार, डीपीएस की ओर से शिक्षिका रूलि बोरा व डॉ नीना रानी शामिल थीं।

## भाजपा ने संत गाडगे महाराज को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्वच्छता के जनक बाबा संत गाडगे महाराज के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भाजपा मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इस अवसर पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि गाडगे महाराज एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिये काम किया। संत ने मनुष्य में भगवान की तलाश की। धर्मशालाओं, अनाथालयों, आश्रमों और अनाथों के लिए विद्यालयों की शुरूआत विभिन्न स्थानों पर की। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, अवांछित रीति-रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिये समर्पित कर दिया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। उनके उपदेश भी सरल और सहज होते थे। अपने कीर्तनों में वे कहा करते थे कि चोरी मत करो, साहूकारों से कर्ज मत लो। व्यसनों में लिप्त मत हो। वे संत तुकाराम महाराज को अपना गुरु मानते थे। उन्होंने हमेशा कहा कि मैं किसी का गुरु नहीं हूं, मेरा कोई शिष्य नहीं है। अपने विचारों को सरल और भोले-भाले लोगों तक पहुंचाने के लिये वे ग्रामीण भाषा का प्रयोग करते थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशांक राज, जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, राकेश कुमार राम, मनीष दुबे, रुपेश सिन्हा, संजय चौधरी, सुबोधकांत, प्रिंस कुमार, पवन पासवान, कर्नल वीके सिंह, पुरुषोत्तम राय, विकास महतो, श्रीनिवास, राहुल साहदेव, बबन बैठा, अमन यादव, संजय महतो, रोहित, अनिल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रशासन ने अलग-अलग स्कूलों में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

# छात्राओं को मिला आत्मबल




खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** स्कूल व कालेज जाने वाली छात्राओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ व शोषण से बचाने को लेकर ओरमांझी व मेसरा थाना पुलिस द्वारा अलग-अलग कई गर्ल्स स्कूलों में जाकर जागरूका कार्यक्रम चलाया गया। सीएम स्कूल ऑफ एक्ससिलेंस मेसरा में थाना प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्कूली छात्राओं के साथ बातकर उन्हे कानून व उनके अधिकारो की जानाकरी दी, बताया पुलिस आप के साथ है। मंचलों से परेशान हो, या समाज, अपने घर-परिवार किसी के द्वारा भी शोषित होने पर छात्राएं क्या कदम उठा सकती हैं। थाना व स्कूल के शिक्षक की मदद से इस प्राकर की घटनाओं पर कैसे निपटा व अंकुश लगाया जाए, आदि जानाकरी दी गई। इधर ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी पुरूष व महिला बल के साथ प्रोजेक्ट गर्ल्स व एसएस हाई स्कूल पहुंचे और छात्राओं से बात कर उन्हे पुरी सुरक्षा देने का भरोषा दिया। पुलिस की इस कार्यक्रम से स्कूली छात्राएं काफी खुश दिखी और कार्यक्रम के दौरान कई छात्राएं पुलिस से कई सवाल भी पुछी और कहा प्रधासन का साथ और भरोसा मिलने से उन्हे बल मिला है।पुलिस प्रशासन सभी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा देने व मंचलों को सबक सिखने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में दारोगा अभय कुमार, बसंत कुमार, प्राचार्य सपना कुमारी, पुष्पा कुमारी, आनंद प्रकाश मिश्र, रंजीत कुमार कौशल, प्रभात रंजन कुंवर सिंह, विवेक पांडेय, उमाकांत शर्मा, अपर्णा तिवारी, रश्मि बाड़ा, अर्चना भगत, मंजीत जायसवाल, कैलाश किशोर महतो व अनम शाही, पुलिस कर्मी, शिक्षक व छात्राएं उपस्थित थें।

## किसानों के बीच बीज का वितरण



▸▸ 80 कृषक हुये लाभान्वित

▸▸ विभाग पर जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी ने शुक्रवार को मुख्यालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता व कृषि विभाग की ओर से (टीआरजीएस) दलहन योजना के तहत किसानों के बीच 10-10 किलो चना और 4-4 किलोग्राम मसूर बीज का वितरण किया। इसमें चयनित टरका गांव अगडू, पुरियो, कन्नौज व सिमलिया के 80 कृषक लाभान्वित हुये। उन्होंने विभाग के प्रति आभार जताया और खुशी का इजहार भी किया। इस बीच बीटीएम मुन्नी कुजूर ने उन्हें बीज लगाने की वैज्ञानिक विधि, बीजोपचार व टपक सिंचाई की जानकारी दी। मौके पर पुरियो की मुखिया ज्योति भगत, सरपंच लक्ष्मण उरांव, तारूप की सलगी उरांव, बिजुलिया के विक्रम उरांव, उत्तरी पंचायत की मुखिया महेश्वरी देवी, प्रभारी बीएओ नीरज त्रिपाठी, रघुनंदन प्रजापति, कृषक मित्र व अन्य मौजूद थे।

## स्कूली छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान



**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरुगुट्टू में शुक्रवार को स्कूली छात्राओं के सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी विनित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छात्राओं को बिना भय के स्कूल आकर पढ़ाई करने की बात कही। साथ ही थाना प्रभारी ने छात्रों से किसी भी आपातकाल में 112 नम्बर में फोन करने की बात कही। वहीं पुलिस ने स्कूल के आसपास के दुकानदारों से दुकान में गुटखा, सिगरेट समेत अन्य मादक पदार्थों को नहीं बेचने का निर्देश भी दिया। साथ ही थाना प्रभारी ने स्कूल के प्राचार्य से स्कूल की सुरक्षा को लेकर भी कई निर्देश दिया। मौके पर शिक्षक पोखराज प्रसाद सिन्हा, जियाउल हक, समीउल्लाह अंसारी, नितेश कुमार ओझा समेत सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### बिजली चोरी में मामला दर्ज

नामकुम। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने हजाम के रहनेवाले राजेश लकड़ा और नवीन रोशन तिर्की पर मीटर से पहले बाईपास करके विद्युत उर्जा चोरी करने का आरोप लगाते हुए खरसीदाग ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अभियंता ने बताया है कि दोनों उपभोक्ताओं के घर मीटर लगा हुआ है पर दोनो मीटर से पूर्व बाईपास करके विद्युत उर्जा चोरी कर रहे थे। दोनो पर साढे तेरह हजार का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### का अवैध बालू लदे चार टरबो ट्रक पकड़ाए

**अनगड़ा।** उपायुक्त रांची के निर्देश पर खनन विभाग के अधिकारियों ने बीती रात अवैध वालू का परिवहन करते हुए चार टरबो ट्रकों को पकड़कर अनगड़ा पुलिस के हवाले कर दिया। उक्त सभी ट्रकों को अनगड़ा थाना क्षेत्र से पकड़ा गया है। पकड़े गए वाहनो में जेएच02 एस 6339 जेएच01 सीयू 7025 जेएच01 सीएफ 8471 तथा जेएच01बी 1572 शामिल हैं।

### मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक कल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में नव निर्मित मां दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में रविवार को प्रात: दस बजे से एक आवश्यक बैठक रखी गई है। इस बैठक में समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

आसपास की अन्य खबरें पेज 9 पर भी देखें

# शंकर महतो के घर में गोली चलाने वाले दो अपराधी गिरफ्तार, गये जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** अवैध बालू संचालन में अवैध उगाही, उगाही नही देने व बालू नही चलने देने के मामले पर शंकर महतो के घर में 4 अक्टूबर की शाम अज्ञात अपराधियों के द्वारा फायरिंग कर घटना का अंजाम दिया। उक्त घटना के पुलिसिया अनुसंधान में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पुरनी राय निवासी वादी के घर के दरवाजा पर गोली फायर की घटना घटित हुई थी। घटना के आधार पर वि.के.एस. तिवारी एवं अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुध कांड प्रतिवेदित है। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर संलिप्त अपराधी सोनालाल महतो उर्फ छन्नु यादव पिता-सरधन महतो सा०-मक्का थाना-बुढ़मु, एवं दीपक कुमार उर्फ दीपु को पिता कमलु महतो ग्राम बमने, थाना खलारी से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ क्रम में दोनों अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया। अपराधियों ने स्वीकार किया कि घटना को योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया है पहले दो लोगों ने रैंकी की है फिर जब घर में वादी एवं अन्य गाँव वाले पूजा क्रार्यक्रम में मंदिर गये थे उसी दौरान दो मोटरसाईकिल पर चार अपराधकर्मी वादी के घर गये जिनमें से दो वादी के घर के दरवाजे पर जाकर दरवाजा पर फायर कर धमकी देकर भाग गये। अपराधियों पर अग्रतर कार्रवाई करते हुए बुढमू थाना कांड संख्या-09/2024, धारा-341/323/307/ 354/ 504/506/34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट तथा 17 सी.एल.ए. एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। छापामारी दल के सदस्य पु.नि. सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पु.अ.नि. कपिलदेव यादव, पु.अ.नि. मुकेश कुमार, आरक्षी/2999 कलेंद्र कु साह एवं थाना सशस्त्र बल मौजूद थे।

## जबरन मोबाईल टावर लगाने के विरोध में जेएलकेएम का एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन

▸▸ सरकार संज्ञान में नहीं लेती है तो इसका विरोध राज्य स्तर पर होगा : दमयंती मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के तुबिल गांव में स्तिथ मध्य सह उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय प्रांगण में जबरन मोबाईल टावर लगाए जाने के विरोध में जेएलकेएम द्वारा अड़की प्रखंड परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व पार्टी महिला मोर्चा केन्द्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा कर रही थी। उन्होने कहा शिक्षण संस्थान में पठन पाठन हेतु ग्रामीण ने स्कूल के लिए जमीन दिया है न कि कोई पूंजीपति द्वारा जबरन व्यापार करने के लिए। आज के इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम सांकेतिक है जो सरकार की ध्यान आकृष्ट कराने के लिए है। अगर सरकार संज्ञान में नहीं लेती है तो इसका विरोध जिला और राजधानी तक जोरदार ढंग से होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान कैरा मुंडा, विद्यालय समिति के अध्यक्ष लादू मुंडा, अध्यक्ष ललिता नाग, मेनका मुंडा, सरस्वती मुंडा, ब्रजकिशोर साहू, राजेश संगा, महादेव नायक, पांडु मुंडा, गोपाल मुंडा, लीपी मुंडा, सम्बर ओडेया, लोधरो सोय, शुकरा मुंडा, बोआस मुंडा, सुमित कुमार महतो, विकास लोहरा, पवन नाग, प्रभुसहाय भेंगरा, जावरा नाग एवं सैकड़ों महिला पुरूष शामिल शामिल रहे।

## एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में एक लाख रुपये की चोरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग में बीती रातअज्ञात चोरों ने चोरी की वरदात को अंजाम दिया। जिसमें अति महत्वपूर्व दस्तावेज को क्षतिग्रस्त करने के साथ साथ कार्यालय कक्ष में अलमारी का ताला तोड़ कर करीब एक लाख रुपये पर भी चोरों ने हांथ साफ कर लिये। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी रवि ने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा प्राचार्य कक्ष, विद्यालय कार्यालय कक्ष एवं स्टाफ कक्ष में ताला तोड़कर विद्यालय के अति महत्वपूर्ण दस्तावेज को क्षत विक्षत एवं सभी सीसी टीवी कैमरा पीईओ स्वीच सहित को क्षतिग्रस्त कर दिये। चोरी की इस घटना को लेकर अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर इस चोरी की घटना को लेकर क्षेत्र के समाजसेवी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने नराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात चोरों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

## कैंसर पीड़ित आर्मी जवान का इलाज के दौरान निधन

▸▸ 19 को कराया गया था भर्ती

▸▸ 3 घंटे बाद ली अंतिम सांस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कार्यरत्त आर्मी जवान 27 वर्षीय प्रवीण उरांव का नामकुम स्थित सैनिक अस्पताल में 19 दिसंबर की दोपहर इलाज के दौरान निधन हो गया। सुबह 9 बजे उन्हें भर्ती कराया गया था। इसके ठीक तीन घंटे बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। कैंसर और पीलिया रोग से पीड़ित प्रवीण उरांव 15 दिनों के अवकाश पर थे। रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की शाम राजकीय सम्मान के साथ गांव के श्मशान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इससे पूर्व सेना के जवानों ने सलामी दी। दिवंगत उरांव बाजपुर पंचायत के चौली निवासी कृषक एतवा उरांव की इकलौती संतान थे। माता सुमरी उरांव का पहले ही निधन हो चुका है। वह 2015 में सेना में बहाल हुये थे।

### इन्होंने जताया शोक

मुखिया सविता तिर्की, पूर्व मुखिया और प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल उरांव, सुशील उरांव, अमित खलखो, पंचम उरांव, बंधु उरांव, रंजीत उरांव, संदीप मिंज, ज्योति टोप्पो, बसंत तिर्की, अशोक उरांव, महावीर उरांव, चंपा उरांव, यासीन अंसारी, श्रीकांत तिवारी व सफरुद्दीन अंसारी आदि।

### गांव में पसरा मातम

मृतक के परिवार में पिता के अलावा पत्नी किरण उरांव और 15 माह का पुत्र प्रांजल उरांव है। पति की आकस्मिक मौत से वह टूट चुकी है। फिलहाल वह रातू बड़काटोली में रह रही थी। दिन के 2 बजे तिरंगे में लिपटा शव को उनके पैतृक घर लाया गया। अंतिम दर्शन के लिये हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। किरण के क्रूदन से माहौल गमगीन था। लोगों ने नम आंखों से दिवंगत जवान को विदाई दी।

## राहुल तुरी के घर कुर्की जब्ती



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** न्यालय के आदेशानुसार बुढ़मू थाना कांड संख्या 46/24 के आधर पर छापर में वाहन आगजनी कांड में राहुल तुरी उर्फ आलोक जी पिता छोटन तुरी ग्राम लाला धौड़ा गुलजार बाग थाना खलारी के घर में शुक्रवार को विधिवत तरीके से मजिस्ट्रेट के उपस्थिति में एवं आसपास के ग्रामीणों, मुखिया एवं वार्ड सदस्य के निगरानी में आलोक तुरी के घर का कुर्की जपती प्रभावित तरीके से किया गया। कुर्की में बाहरी दरवाजा, खिड़की, चौकी, पंखा, सीसीटीवी इत्यादि समान का विधिवत तरीके से कुर्की जप्ती किया गया। इस कुर्की जप्ती की कार्रवाई में अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा बुढ़मू, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी खलारी विजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी बुढ़मू रितेश कुमार महतो, पुअनि रवि सोनी, एएसआई सहदेव महतो सहित दर्जनों जवान शामिल थे।

## पुलिस ने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चलाया पद जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में शुक्रवार को बेड़ो व नरकोपी पुलिस ने छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पद जागरूकता अभियान चलाया। डीएसपी की अगुवाई में दर्जनों पुलिस पदाधिकारियों व सशस्त्र बलों ने एस एस प्लस टू हाई स्कूल, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बालक व कन्या मध्य विद्यालय के आसपास जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान डीएसपी अशोक कुमार राम ने स्कूली छात्राओं से बातचीत किया। साथ ही उन्होंने संभावित छेड़छाड़ की घटना पर अंकुश लगाने के लिए छात्राओं को निर्भिक होकर पुलिस,प्राचार्य और अभिभावकों को सूचना देने का सुझाव दिया। जिससे संभावित छेड़खानी वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्कूलों में जाकर व घूम घूमकर छात्राओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्थिति का जायजा लिया। डीएसपी ने छेड़खानी की घटना पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी नकुल साह को स्कूली क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने और मनचलों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

साथ ही स्कूल परिसर के आसपास बेवजह मजमा लगाने वाले व तेज रफ्तार वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों ने स्कूल परिसर के आसपास थाना व पुलिस पदाधिकारियों का नंबर चिपकाया। जिससे पुलिस को तत्काल सूचना दी जा सके। साथ ही छात्राओं के साथ कोई अप्रिय घटना न हो। वहीं भयमुक्त वातावरण में छात्राओं को शिक्षार्जन का अवसर व लाभ मिल सके। मौके पर पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय,बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह, नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान,एस आई नंदू पैरा, ए एस आई,अक्षय कुमार सिंह व निरंजन तिवारी समेत दर्जनों सशस्त्र बलों के जवान मौजूद थे।


**उपायुक्त–सह–जिला–दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूंटी**
**(जिला सामान्य शाखा)**

खूंटी जिला अन्तर्गत चौकीदार नियुक्ति हेतु दिनांक 18.12.2024 को आयोजित शारीरिक जाँच एवं दौड़ में सफल एवं असफल अभ्यर्थियों की सूची।

| क्र० | रौल क्रमांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| सफल अभ्यर्थीगण | | |
| 1 | 1836 | |
| 2 | 2087 | |
| 3 | 1921 | |
| 4 | 0429 | |
| 5 | 1819 | |
| 6 | 0486 | |
| 7 | 1516 | |
| 8 | 0368 | |
| 9 | 0530 | |
| 10 | 0840 | |
| 11 | 1398 | |
| 12 | 1406 | |
| 13 | 0419 | |
| 14 | 1545 | |
| 15 | 0336 | |
| 16 | 1120 | |
| 17 | 0272 | |
| 18 | 0618 | |
| 19 | 0180 | |
| 20 | 0669 | |
| 21 | 0099 | |
| 22 | 0507 | |
| 23 | 0992 | |
| 24 | 0565 | |
| 25 | 1373 | |
| 26 | 1450 | |
| 27 | 1693 | |
| 28 | 1746 | |
| 29 | 0564 | |
| 30 | 1399 | |
| 31 | 0990 | |
| 32 | 1404 | |
| 33 | 1201 | |
| 34 | 0137 | |
| 35 | 1477 | |
| 36 | 1997 | |
| 37 | 0793 | |
| 38 | 1464 | |
| 39 | 0652 | |
| 40 | 1580 | |
| 41 | 1035 | |
| 42 | 0804 | |
| 43 | 0193 | |
| 44 | 1552 | |
| 45 | 1822 | |
| 46 | 1564 | |
| 47 | 0182 | |
| 48 | 0765 | |
| 49 | 2022 | |
| 50 | 1341 | |
| 51 | 0104 | |
| 52 | 1196 | |
| 53 | 0311 | |
| 54 | 2147 | |
| 55 | 0640 | |
| 56 | 2073 | |
| 57 | 0323 | |
| 58 | 2143 | |
| 59 | 0763 | |
| 60 | 0899 | |
| 61 | 0155 | |
| 62 | 0582 | |
| 63 | 0432 | |
| 64 | 1608 | |
| 65 | 1925 | |
| 66 | 1851 | |
| 67 | 1141 | |
| 68 | 1320 | |
| 69 | 0572 | |
| 70 | 1254 | |
| 71 | 1975 | |
| 72 | 1110 | |
| 73 | 0805 | |
| 74 | 1920 | |
| 75 | 0524 | |
| 76 | 0381 | |
| 77 | 0332 | |
| 78 | 1906 | |
| 79 | 0293 | |
| 80 | 1675 | |
| 81 | 1454 | |
| 82 | 1776 | |
| 83 | 1375 | |
| 84 | 1273 | |
| 85 | 0306 | |
| 86 | 0790 | |
| 87 | 2114 | |
| 88 | 0153 | |
| 89 | 1874 | |
| 90 | 1111 | |
| 91 | 0295 | |
| 92 | 2082 | |
| 93 | 0020 | |
| 94 | 1452 | |
| 95 | 0854 | |
| 96 | 1694 | |
| 97 | 0803 | |
| 98 | 0573 | |
| 99 | 1195 | |
| 100 | 1863 | |
| 101 | 1463 | |
| 102 | 0449 | |
| 103 | 1285 | |
| 104 | 1947 | |
| 105 | 0585 | |
| 106 | 0702 | |
| 107 | 0217 | |
| 108 | 2121 | |
| 109 | 1948 | |
| 110 | 1102 | |
| 111 | 1465 | |
| 112 | 1307 | |
| 113 | 2170 | |
| 114 | 1780 | |
| 115 | 1152 | |
| 116 | 0935 | |
| 117 | 0916 | |
| 118 | 0658 | |
| 119 | 1008 | |
| 120 | 0445 | |
| 121 | 0687 | |
| 122 | 0470 | |
| 123 | 2094 | |
| 124 | 1737 | |
| 125 | 0028 | |
| 126 | 2171 | |
| 127 | 1021 | |
| 128 | 1557 | |
| 129 | 0376 | |
| 130 | 2118 | |
| 131 | 1266 | |
| 132 | 0431 | |
| 133 | 0163 | |
| 134 | 0430 | |
| 135 | 1381 | |
| 136 | 0022 | |
| 137 | 0523 | |
| 138 | 1526 | |
| 139 | 0246 | |
| 140 | 0179 | |
| 141 | 2174 | |
| 142 | 0315 | |
| 143 | 0327 | |
| 144 | 2023 | |
| 145 | 1353 | |
| 146 | 1939 | |
| 147 | 1054 | |
| 148 | 0939 | |
| 149 | 1740 | |
| 150 | 0638 | |
| 151 | 2100 | |
| 152 | 1268 | |
| 153 | 0946 | |
| 154 | 1479 | |
| 155 | 1071 | |
| 156 | 0118 | |
| 157 | 1272 | |
| 158 | 0241 | |
| 159 | 2011 | |
| 160 | 0648 | |
| 161 | 0584 | |
| 162 | 1069 | |
| 163 | 1136 | |
| 164 | 0256 | |
| 165 | 0007 | |
| 166 | 1635 | |
| 167 | 0622 | |
| 168 | 0740 | |
| 169 | 0207 | |
| 170 | 1339 | |
| 171 | 0009 | |
| 172 | 0749 | |
| 173 | 0999 | |
| 174 | 1306 | |
| 175 | 0975 | |
| 176 | 1234 | |
| 177 | 2092 | |
| 178 | 1735 | |
| 179 | 1228 | |
| 180 | 0374 | |
| 181 | 1701 | |
| 182 | 1573 | |
| 183 | 1980 | |
| 184 | 0370 | |
| 185 | 1039 | |
| 186 | 0820 | |
| 187 | 1023 | |
| 188 | 1075 | |
| 189 | 0602 | |
| 190 | 0154 | |
| 191 | 1823 | |
| 192 | 0555 | |
| 193 | 2098 | |
| 194 | 0348 | |
| 195 | 1420 | |
| 196 | 0958 | |
| 197 | 2080 | |
| 198 | 0494 | |
| 199 | 1074 | |
| 200 | 0156 | |
| 201 | 1571 | |
| 202 | 1700 | |
| 203 | 1407 | |
| 204 | 2155 | |
| 205 | 1411 | |
| 206 | 1803 | |
| 207 | 0980 | |
| 208 | 0663 | |
| 209 | 1242 | |
| 210 | 1984 | |
| 211 | 1323 | |
| 212 | 1424 | |
| 213 | 1328 | |
| 214 | 1928 | |
| 215 | 1416 | |
| 216 | 2102 | |
| 217 | 1537 | |
| 218 | 0091 | |
| 219 | 0620 | |
| 220 | 0345 | |
| 221 | 1657 | |
| 222 | 0399 | |
| 223 | 0463 | |
| 224 | 0628 | |
| 225 | 0816 | |
| 226 | 0440 | |
| 227 | 1441 | |
| 228 | 1911 | |
| 229 | 0300 | |
| 230 | 0392 | |
| 231 | 0596 | |
| 232 | 1382 | |
| 233 | 0792 | |
| 234 | 0721 | |
| 235 | 1095 | |
| 236 | 1127 | |
| 237 | 1237 | |
| 238 | 0926 | |
| 239 | 0314 | |
| 240 | 1996 | |
| 241 | 1708 | |
| 242 | 0402 | |
| 243 | 0409 | |
| 244 | 0683 | |
| 245 | 0185 | |
| 246 | 1908 | |
| 247 | 1017 | |
| 248 | 0898 | |
| 249 | 0556 | |
| 250 | 0171 | |
| 251 | 0931 | |
| 252 | 1715 | |
| 253 | 0868 | |
| 254 | 1437 | |
| 255 | 1680 | |
| 256 | 1445 | |
| 257 | 2012 | |
| 258 | 0535 | |
| 259 | 1185 | |
| 260 | 2151 | |
| 261 | 0650 | |
| 262 | 0168 | |
| 263 | 0977 | |
| 264 | 1239 | |
| 265 | 1622 | |
| 266 | 1844 | |
| 267 | 1915 | |
| 268 | 1380 | |
| असफल अभ्यर्थीगण | | |
| 269 | 1534 | |
| 270 | 1853 | |
| 271 | 1562 | |
| 272 | 0937 | |
| 273 | 0511 | |
| 274 | 1884 | |
| 275 | 1896 | |
| 276 | 1304 | |
| 277 | 1036 | |
| 278 | 0841 | |
| 279 | 0632 | |
| 280 | 0378 | |
| 281 | 1096 | |
| 282 | 0038 | |
| 283 | 0682 | |
| 284 | 1050 | |
| 285 | 1490 | |
| 286 | 1641 | |
| 287 | 2097 | |
| 288 | 0330 | |
| 289 | 0018 | |
| 290 | 1847 | |
| 291 | 0274 | |
| 292 | 1998 | |
| 293 | 0055 | |
| 294 | 1655 | |
| 295 | 0249 | |
| 296 | 1665 | |
| 297 | 0960 | |
| 298 | 0382 | |
| 299 | 0354 | |
| 300 | 2013 | |
| 301 | 0360 | |
| 302 | 0408 | |
| 303 | 0414 | |
| 304 | 1199 | |
| 305 | 0337 | |
| 306 | 1579 | |
| 307 | 0615 | |
| 308 | 1512 | |
| 309 | 0476 | |
| 310 | 1235 | |
| 311 | 0235 | |
| 312 | 1415 | |
| 313 | 0672 | |
| 314 | 1011 | |
| 315 | 1291 | |
| 316 | 0976 | |
| 317 | 1817 | |
| 318 | 0276 | |
| 319 | 0068 | |
| 320 | 1037 | |
| 321 | 1394 | |
| 322 | 2089 | |
| 323 | 0856 | |
| 324 | 0716 | |
| 325 | 0657 | |
| 326 | 0633 | |
| 327 | 1168 | |
| 328 | 1561 | |
| 329 | 1482 | |
| 330 | 1856 | |
| 331 | 0279 | |
| 332 | 1417 | |
| 333 | 0603 | |
| 334 | 1981 | |
| 335 | 1005 | |
| 336 | 1100 | |
| 337 | 0347 | |
| 338 | 2090 | |
| 339 | 0691 | |
| 340 | 0167 | |
| 341 | 1356 | |
| 342 | 0114 | |
| 343 | 0400 | |
| 344 | 1309 | |
| 345 | 1303 | |
| 346 | 2128 | |
| 347 | 1651 | |
| 348 | 1432 | |
| 349 | 0970 | |
| 350 | 0291 | |
| 351 | 0922 | |
| 352 | 0393 | |
| 353 | 1293 | |
| 354 | 0686 | |
| 355 | 0747 | |
| 356 | 1570 | |
| 357 | 0711 | |
| 358 | 0280 | |
| 359 | 0211 | |
| 360 | 1230 | |
| 361 | 2150 | |
| 362 | 0690 | |
| 363 | 0995 | |
| 364 | 1538 | |
| 365 | 0186 | |
| 366 | 0588 | |
| 367 | 1986 | |
| 368 | 0789 | |
| 369 | 2091 | |
| 370 | 0452 | |
| 371 | 1728 | |
| 372 | 0144 | |
| 373 | 1616 | |
| 374 | 0349 | |
| 375 | 1898 | |
| 376 | 0895 | |
| 377 | 2032 | |
| 378 | 1772 | |
| 379 | 0111 | |
| 380 | 1094 | |
| 381 | 0003 | |
| 382 | 0536 | |
| 383 | 1618 | |
| 384 | 1617 | |
| 385 | 0471 | |
| 386 | 0229 | |
| 387 | 0049 | |
| 388 | 1187 | |
| 389 | 2109 | |
| 390 | 0477 | |
| 391 | 0589 | |
| 392 | 0210 | |
| 393 | 1721 | |
| 394 | 1134 | |
| 395 | 1473 | |
| 396 | 0261 | |
| 397 | 1973 | |
| 398 | 0036 | |
| 399 | 0778 | |
| 400 | 0847 | |
| 401 | 0762 | |
| 402 | 2144 | |
| 403 | 0321 | |
| 404 | 0814 | |
| 405 | 1346 | |
| 406 | 0664 | |
| 407 | 0346 | |
| 408 | 0767 | |
| 409 | 1125 | |
| 410 | 1139 | |
| 411 | 1626 | |
| 412 | 0056 | |
| 413 | 1550 | |
| 414 | 0781 | |
| 415 | 0401 | |
| 416 | 1553 | |
| 417 | 1295 | |
| 418 | 1828 | |
| 419 | 2026 | |
| 420 | 0158 | |
| 421 | 0996 | |
| 422 | 1591 | |
| 423 | 0693 | |
| 424 | 0746 | |
| 425 | 0126 | |
| 426 | 0552 | |
| 427 | 1396 | |
| 428 | 0891 | |
| 429 | 2086 | |
| 430 | 0726 | |
| 431 | 1207 | |
| 432 | 1979 | |
| 433 | 0904 | |
| 434 | 0460 | |
| 435 | 0651 | |
| 436 | 1505 | |
| 437 | 1699 | |
| 438 | 0504 | |
| 439 | 0760 | |
| 440 | 0900 | |
| 441 | 1433 | |
| 442 | 1956 | |
| 443 | 0945 | |
| 444 | 0205 | |
| 445 | 0491 | |
| 446 | 1607 | |
| 447 | 1063 | |
| 448 | 1290 | |
| 449 | 0032 | |
| 450 | 1903 | |
| 451 | 0275 | |
| 452 | 2137 | |
| 453 | 0136 | |
| 454 | 0752 | |
| 455 | 0769 | |
| 456 | 2010 | |
| 457 | 1160 | |
| 458 | 1801 | |
| 459 | 1806 | |
| 460 | 0062 | |
| 461 | 0525 | |
| 462 | 0610 | |
| 463 | 0604 | |
| 464 | 1646 | |
| 465 | 0454 | |
| 466 | 0554 | |
| 467 | 1496 | |
| 468 | 0369 | |
| 469 | 0508 | |
| 470 | 0812 | |
| 471 | 0953 | |
| 472 | 1439 | |
| 473 | 1671 | |
| 474 | 0269 | |
| 475 | 0358 | |
| 476 | 0729 | |
| 477 | 1121 | |
| 478 | 1336 | |
| 479 | 1458 | |
| 480 | 0129 | |
| 481 | 0292 | |
| 482 | 1615 | |
| 483 | 0855 | |
| 484 | 2017 | |
| 485 | 1586 | |

नोट :– शारीरिक जांच एवं दौड़ में सफल अभ्यर्थियों को दिनांक 23.12.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे सदर अस्पताल, खूंटी में मेडिकल जांच की जायेगी। मेडिकल जांच के लिए मूल प्रमाण पत्र एवं एडमिट कार्ड साथ में लेते आना अनिवार्य है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, खूंटी।

PR 342449 (District) 24-25 (D)

# मलेरिया पर नियंत्रण

विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफ प्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7**

**मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7**

**कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6**

**सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9**

**कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6**

**तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7**

**वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7**

**धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5**

**मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9**

**कुंभ : शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9**

**मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6**

# कम सैलरी वाले कामगारों की बढ़ती संख्या एक चुनौती

देश में परंपरागत क्षेत्रों के अलावा अब गिग वर्किंग के मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, बैंकिंग आदि में तेजी से बढ़ रहे हैं। जीडीपी में गिग इकोनॉमी का योगदान भी बहुत बढ़ा है। कंपनियां गिग वर्कर्स के कल्याण की व्यवस्थाएं यकीनी बनाने लगी हैं लेकिन अभी इनकी सामाजिक सुरक्षा खासकर पीएफ, पेंशन , बीमा, स्वास्थ्य आदि पर ध्यान देना बाकी है। इस हेतु तंत्र की स्थापना के लिए सरकार, गिग प्लेटफॉर्म और श्रम संगठनों के बीच तालमेल जरूरी है।

इन दिनों पूरे देश में गिग अर्थव्यवस्था में नौकरियां एक बड़ी चुनौती के रूप में दिखाई दे रही हैं। हाल ही में फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स द्वारा भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर आयोजित एक वेबिनार में भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 455 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्वेत पत्र के अनुसार भारत के जीडीपी में गिग अर्थव्यवस्था का योगदान वर्ष 2030 तक 1.25 प्रतिशत के स्तर पर होगा।


गौरतलब है कि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके छलांगें लगाकर बढ़ रहे हैं। गिग अर्थव्यवस्था का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट-दर-प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं और सेवाएं देते हैं। कोविड-19 के बाद डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। जहां शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। काम के ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं।

खास बात यह कि गिग अर्थव्यवस्था के तहत अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं की भागीदारी गिग



अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। महिलाएं इस समय फ्रीलांसिंग में भी सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही हैं।

नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिग कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर करीब 2.3 करोड़ हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में गिग अर्थव्यवस्था के कारण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर में तेजी से कमी आ रही है और रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। चूंकि गिग कर्मचारी अक्सर संगठित और असंगठित श्रम के बीच ग्रे जोन में आते हैं, जिससे लाभ और संसाधन प्रभावित होते हैं, इसलिए प्लेटफॉर्म कंपनियां तेजी से गिग श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को प्राथमिकता दे रही हैं। इसके तहत मॉनसून के दौरान टिकाऊ रेनकोट प्रदान करने से लेकर आराम करने के क्षेत्र की स्थापना और गर्मी के मौसम के दौरान पानी की सुविधा शामिल हैं। खासतौर से अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है।



-जयंतीलाल

> गिग वर्करों को राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे टैक्स-ब्रेक या स्टार्टअप अनुदान प्रदान किए जा सकते हैं। गिग प्लेटफॉर्म क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिए विशेष रूप से प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों के माध्यम से क्षेत्रीय और ग्रामीण व्यंजन, स्ट्रीट फूड, स्व-रोजगार व्यक्तियों को कस्बों और शहरों के व्यापक बाजारों में अपने उत्पाद बेचने के लिए प्लेटफार्म्स से जोड़ा जा सकता है।

फिर भी अभी देश में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाना होगा। खासतौर से हमें गिग-वर्कर्स के लिए भविष्य निधि और पेंशन और बीमा संबंधी कवरेज और लाभों के बारे में सोचना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में नीति आयोग ने ह्यइंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमीह्ल शीर्षक से जो रिपोर्ट लॉन्च की है, उसके तहत अन्य बातों के साथ ही गिग वर्कर्स और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों का विस्तार करने की सिफारिश की गयी, जिसमें बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। यद्यपि देश में गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (संहिता) अधिनियमित हो चुकी है लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं है। यह संहिता सरकार को जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा और क्रेच लाभ प्रदान करने के लिए गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाती है। देश में गिग वर्कर्स के लिए ऐसी योजनाएं-नीतियां बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ानी होंगी, जिसमें एक फर्म या सरकार के सहयोग द्वारा विशिष्ट रूप से ऐसा डिजाइन हो, जैसा कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत परिकल्पित है। कई देशों में गिग वर्कर्स को ह्यवर्करह्ल के रूप में वर्गीकृत करके जो मॉडल स्थापित किया गया है, उस पर ध्यान दिया जाना होगा। यह वर्गीकरण गिग वर्करों के लिये न्यूनतम वेतन, सवेतन अवकाश, सेवानिवृत्ति लाभ योजना और स्वास्थ्य बीमा सुरक्षित करता है। गिग वर्करों को राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे टैक्स-ब्रेक या स्टार्टअप अनुदान प्रदान किए जा सकते हैं। गिग प्लेटफॉर्म क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिए विशेष रूप से प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों के माध्यम से क्षेत्रीय और ग्रामीण व्यंजन, स्ट्रीट फूड, स्व-रोजगार व्यक्तियों को कस्बों और शहरों के व्यापक बाजारों में अपने उत्पाद बेचने के लिए प्लेटफार्म्स से जोड़ा जा सकता है। देश में गिग वर्कर्स को केवल कुछ ही फर्म ऑन-वर्क दुर्घटना बीमा प्रदान करती हैं; इसे सभी नियोक्ताओं द्वारा प्रदान किया जा सकता है। कामगारों को संकटपूर्ण समय या सेवानिवृत्ति के लिये बचत करने में मदद करना भी कंपनियों को गंभीरता से लेना होगा। जिसका एक तरीका हो सकता है कि इनके द्वारा न्यूनतम स्वैच्छिक योगदान किया जाए जो एक कॉर्पस फंड में जमा हो। सरकार द्वारा शिक्षा, वित्तीय सलाह, विधिक कार्य, चिकित्सा या ग्राहक प्रबंधन क्षेत्रों जैसे उच्च-कौशल गिग वर्कर्स के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी होगी, जिससे भारतीय गिग वर्कर्स की वैश्विक बाजारों तक पहुंच सुगम बनायी जा सके।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### बदलाव के संकेत

**सभी** एग्जिट पोल के विपरीत, भाजपा ने हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। सत्ता परिवर्तन की आकांक्षाओं के चलते जम्मू-कश्मीर में गठबंधन सरकार बना सकती है, लेकिन वहां भी जनता ने अकेली कांग्रेस को नकार दिया है। अब झारखंड और महाराष्ट्र की बारी है। जनहित में परिणाम जनता के पक्ष में हो।

**- रविकांत, जमशेदपुर**

## ट्वीट

**एमएसपी** की गारंटी और कर्ज. माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए।

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

**-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

# पीएचडी में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के मायने

**प्रियंका सौरभ**

शिक्षा

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी नेट या एनटीए-यूजीसी-नेट) कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर के लेक्चररशिप के लिए योग्यता और भारतीय नागरिकों के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षण व्यवसायों और अनुसंधान में प्रवेशकों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता या केवल जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की योग्यता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों दोनों में भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए परीक्षा आयोजित करती है। पारंपरिक रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसरशिप पात्रता के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अब भारत में पीएचडी प्रवेश के लिए एक प्रमुख मानदंड बन गई है। इस बदलाव ने अकादमिक समुदाय के भीतर इस चिंता के कारण नई बहस छेड़ दी है कि क्या परीक्षण वास्तविक शोध क्षमता की पहचान करने के लिए उपयुक्त है। नेट एक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा है जो मुख्य रूप से स्मृति और याददाश्त जैसी निचले क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करती है। ये क्षमताएं कुछ संदर्भों में उपयोगी हैं लेकिन डॉक्टरेट स्तर के अनुसंधान के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन करने में कम पड़ जाती हैं।

पीएचडी अनुसंधान जटिल विचारों, मौजूदा ज्ञान के महत्वपूर्ण विश्लेषण और मूल अंतर्दृष्टि में योगदान करने के लिए रचनात्मकता की मांग करता है, विशेष रूप से साहित्य, सामाजिक विज्ञान और मानविकी जैसे विषयों में तथ्यात्मक स्मरण और तुच्छ प्रश्नों पर नेट का ध्यान उम्मीदवारों की प्रदर्शन करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूक्ष्म तर्क विकसित करने और व्यापक सैद्धांतिक अवधारणाओं के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता। नेट स्कोर पर निर्भरता से हाशिये पर रहने वाले समुदाय असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इन छात्रों को अकसर प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे संसाधनों तक सीमित पहुंच और उच्च लागत वाली कोचिंग, जो नेट पास करने के लिए तेजी से आवश्यक होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, इन पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के बावजूद पीएचडी कार्यक्रमों से बाहर रखा जा सकता है।

नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है। नेट प्रणाली छात्रों को डॉक्टरेट अनुसंधान की कठोरता के लिए तैयार नहीं करती है। पीएचडी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मूल अंतर्दृष्टि प्रदान करें, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करें और विद्वानों के प्रवचन में संलग्न हों-प्रतिभाषाली छात्रों का विदेश में पलायन पीएचडी कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को घरेलू प्रणाली की सीमाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जहां मानकीकृत परीक्षण पर जोर को रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबाने के रूप में देखा जाता है। नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के कई शीर्ष विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं।

# जफरनामा : दशम गुरु की अप्रतिम शौर्य गाथा



**इद्रजीत सिंह डिंपल**

धर्म

(धिक्कार पत्र जिसके पढ़ते ही औरंगजेब की सदमे से मौत हो गई थी।) गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा अपने समकालीन बर्बर, कट्टर व मतान्ध मुगल शासक औरंगजेब को लिखे गये ऐतिहासिक पत्र जफरनामा को भारतीय इतिहास में आध्यात्मिकता, कूटनीति तथा शौर्य का अद्भुत संगम माना जाता है।

**जफरनामा : दशम गुरु की अप्रतिम शौर्य गाथा**

हमारी भारतभूमि सदा से सनातन जीवन संस्कृति की पोषक रही है और हर सच्चा भारतीय शौर्य व संस्कार से आपूरित अपने गौरवशाली अतीत पर सदैव गौरवान्वित होता है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विदेशी आक्रान्ता लुटेरों व षड्यंत्रकारियों ने छल-बल से हमारी धर्म-संस्कृति को नष्ट करने के कुत्सित प्रयास किये; तब-तब भारतमाता के महान रणबांकुरे वीरों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। विश्व की बलिदानी परम्परा में अद्वितीय स्थान रखने वाले सिख समाज के दशम गुरु श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी की गणना इसी श्रेणी के महामानवों में होती है। नानकशाही कैलेण्डर के अनुसार सन-1666 में पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि ( इस वर्ष 29 दिसम्बर) को नौवें सिख गुरु तेग बहादुर की पत्नी गूजरी देवी ने बिहार प्रांत के पटना शहर में जिस तेजस्वी बालक को जन्म दिया था; उसकी अप्रतिम शौर्य गाथा भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।

गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा अपने समकालीन बर्बर, कट्टर व मतान्ध मुगल शासक औरंगजेब को लिखे गये ऐतिहासिक पत्र जफरनामा को भारतीय इतिहास में आध्यात्मिकता, कूटनीति तथा शौर्य का अद्भुत संगम माना जाता है। मूल रूप से फारसी भाषा में लिखा गया जफरनामा गुरु गोविन्द सिंह जी द्वारा मुगल आक्रान्ता औरंगजेब को लिखा गया वह विजय पत्र है जो उन्होंने अपने चारों पुत्रों और सैकड़ों साथियों के बलिदान के उपरांत आनन्दपुर छोड़ने के बाद सन 1706 में तब लिखा था' जब औरंगजेब दक्षिण भारत के अहमदनगर किले में अपने जीवन की अंतिम सांसें गिन रहा था।

फारसी में लिखे इस पत्र में कुल 111 काव्यमय पदों में खालसा पंथ की स्थापना, आनंदपुर साहिब छोड़ना, फतेहगढ़ की घटना, 40 सिखों के साथ अपने चार पुत्रों के बलिदान तथा चमकौर के संघर्ष के साथ मराठों तथा राजपूतों द्वारा औरंगजेब की करारी हार का वृत्तांत ऐसी शौर्यपूर्ण तथा रोमांचकारी शैली में मिलता है ,जो किसी भी राष्ट्रभक्त की भुजाओं में नवजीवन का संचार करने के लिए पर्याप्त है। भारतीय इतिहासकारों के मुताबिक जफरनामा में श्री गुरु गोविन्द सिंह द्वारा औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध मुखर विरोध अभिव्यक्त होता है। इस पत्र में दशम गुरु पूरी निर्भीकता से औरंगजेब की झूठी कुरान की कसमों एवं उसके कुशासन की चर्चा के साथ उसकी क्रूर व बर्बर सोच की भर्त्सना करते हैं।

जफरनामा के लेखक का स्वर एक विजेता का स्वर है, जिसमें अत्यन्त ओजस्वी भाषा में गुरु गोविन्द सिंह औरंगजेब को ललकार कर अपने स्वाभिमान तथा वीरभाव का परिचय देते हुए लिखते हैं, औरंगजेब ! तू धर्म से कोसों दूर है जो अपने भाइयों व बाप की हत्या करके अल्लाह की इबादत करने का ढोंग रचता है। तूने कुरान की कसम खाकर कहा था कि मैं सुलह रखूंगा, लड़ाई नहीं करूंगा, मंदिरों को नष्ट नहीं करूंगा, हिंदुओं के धर्म की रक्षा और धार्मिक भावनाओं का आदर करूंगा, पर तू अव्वल दर्जे का ह्यधूर्तह्ल, ह्यफरेबीह्ल और ह्यमक्कारह्ल है। तूने अपने बाप की मिट्टी को अपने भाइयों के खून से गूँथा और उस खून से सनी मिट्टी से अपने राज्य की नींव रख अपना आलीशान महल तैयार किया है। तेरे खुदा की कसम तेरे सिर पर भार है ह्यह्ल

**इसके लिए तेरा खुदा भी तुझे कभी माफ नहीं करेगा।**

औरंगजेब को चुनौती देते हुए दशम गुरु लिखते हैं कि क्या हुआ (परवाह नहीं) अगर जो मेरे चार बच्चे (अजीत सिंह, जुझार सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह) देश और सनातन की मिट्टी के लिए कुर्बान हो गये, पर कुंडली मारे तुझे डंसने वाला नाग अभी जिन्दा बाकी है। अगर तू कमजोरों पर जुल्म करना और उन्हें सताना बंद नहीं करेगा तो मुझे कसम है उस परवरदिगार की कि तुझे आरे से चिरवा दूंगा। मैं युद्ध के मैदान में अकेला आऊंगा और मैं तेरे पांव के नीचे ऐसी आग रखूंगा कि पूरे मुल्क में उसे बुझाने वाला तथा तुझे पानी पिलाने वाला एक भी न मिलेगा। मैंने पंजाब में तेरी पराजय की पूरी व्यवस्था कर ली है। फिर इसके आगे गुरु गोविंद सिंह औरंगजेब को इतिहास से सीख लेने की सलाह देते हुए लिखते हैं कि तू अपनी मन की आँखों से देख कर विचार कर कि भारत को जीतने का सपना देखने वाले सिकंदर और शेरशाह ,तैमूर , बाबर, हुमायूं और अकबर आज कहां हैं ? फिर आगे इस संदेश पत्र में गुरु गोविंद सिंह औरंगजेब को चेतावनी देते हुए कहते हैं- औरंगजेब ! तू मेरी यह बात ध्यान से सुन कि जिस ईश्वर ने तुझे इस मुल्क की बादशाहत दी है, उसी ने मुझे धर्म और मेरे देश की रक्षा का जिम्मा सौंपकर वह शक्ति दी है कि मैं धर्म और सत्य का परचम बुलंद करूं।

वे लिखते हैं कि जब सभी प्रयास असफल हो गये हों, न्याय का मार्ग अवरुद्ध हो गया हो, तब तलवार उठाना तथा युद्ध करना सबसे बड़ा धर्म है।

जफरनामा के अंतिम भाग में ईश्वर के प्रति पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए महान गुरु ने लिखा है ,कि शत्रु भले हमसे हजार तरह से शत्रुता करे पर जिनका विश्वास ईश्वर पर है ,उनका कोई भी बालबांका नहीं कर सकता।वस्तुतः गुरु गोविंद सिंह का जफरनामा एक पत्र नहीं बल्कि भारतीय जनमानस की भावनाओं का प्रखर प्रकटीकरण है। अतीत से वर्तमान तक न जाने कितने ही देशभक्तों ने उनके इस पत्र से प्रेरणा ली है। गुरु गोविंद सिंह का यह पत्र युद्ध के आह्वान के साथ शांति, धर्मरक्षा, आस्था तथा आत्मविश्वास का भी परिचायक है और पीड़ित, हताश, निराश तथा चेतना शून्य समाज में नवजीवन तथा गौरवानुभूति का संचार करने का भी।

जारी...

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में अवैध बालू लदा हाइवा जब्त



रामगढ़। रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार के जरिये अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। खान निरीक्षक राहुल कुमार के जरिये शुक्रवार को गश्ती के क्रम में बाजारटांड़ के पास एक हाईवा अवैध बालू के साथ पाया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि हाईवा वाहन संख्या (जेएच 02 एई 8022) पर 607 घनफिट बालू खनिज लोड पाया गया। उक्त हाईवा में जांच पड़ताल किया गया। लेकिन बालू का परिवहन चालान कागजात नहीं पाया गया। इसके बाद वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति को लेकर जिला खान निरीक्षक के जरिये प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### मेहरा क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



रामगढ़। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित आइजे मेहरा मेमोरियल ए डिवीजन लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सत्र 2024-25 का उद्घाटन शुक्रवार को आरसीए अध्यक्ष अशोक कुमार जैन एवं उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,मानद सचिव अरुण कुमार राय ,सह सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद , सदस्य महेंद्र प्रसाद राणा ,सुभोजित दत्ता ,रशीद खान ,सन्नी सिंह ,पवन कुमार साहू आदि सदस्य उपस्थित थे ।

### बीमा जागरूकता अभियान शुरू



रामगढ़। भारत में बीमा की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्टार यूनियन दाईइचि लाइफ इंश्योरेंस (एसयूडी लाइफ) ने झारखंड में 24 दिवसीय बीमा जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह पहल 2047 तक सभी के लिए बीमा की संयुक्त दृष्टि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान बीमा कंपनियों, राज्य प्राधिकरणों और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के सहयोग से चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य भारत के अनबीमित क्षेत्रों में बीमा की पहुंच बढ़ाना है। अभियान का शुभारंभ रामगढ़ कैंट स्थित उपायुक्त कार्यालय में हुआ। उपायुक्त चंदन कुमार , दिलीप महली (लीड डेवलपमेंट मैनेजर, बैंक ऑफ इंडिया), नरेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

### रामगढ़ में ओलंपियाड का आयोजन



रामगढ़। झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची के निर्देश के आलोक में 19 एवं 20 दिसंबर को झारखंड ओलंपियाड का आयोजन रामगढ़ जिले के 7 चयनित परीक्षा केंद्रों पर किया गया। ओलंपियाड परीक्षा के लिए वर्ग 7, 8 एवं 9 के कुल 2991 बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था एवं इन बच्चों के गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान विषयों का आकलन राज्य स्तर से उपलब्ध प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट के माध्यम से कराया गया।

### गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। गायत्री महायज्ञ को लेकर कुरसे शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सोमी देवी और संचालन बबिता देवी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 20 जनवरी को कलश यात्रा, 21 जनवरी हवन, 22 जनवरी को संध्या आरती और समापन पर भंडारा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भोला गोस्वामी, मुन्ना, चिंता देवी, बिटू सिंह, पंकज सिंह, राणा प्रताप सिंह, फुलेश्वर राम, महेश सिंह, छोटू प्रजापति, राजकपूर सिंह, जयलाल सिंह, सोमी देवी, बबिता देवी, मोनिका देवी, गायत्री देवी, ममता देवी, मोनिका देवी, किरण देवी, रेखा देवी, पैरवी देवी, सती देवी, लीला देवी, सुमित्रा देवी, मातेश्वरी देवी, गुड़िया देवी, सीतामणी देवी, देवंती देवी, संगीत, प्रीति, दशमी, जुली सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। उत्सव मैरिज हॉल भुरकुंडा में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से संघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के सम्पर्क प्रमुख अनिल ठाकुर, रामगढ़ जिला प्रचारक सत्यम एवं भुरकुंडा सह खंड कार्यवाह आलोक मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में कोई भी बड़ा आयोजन न करके अपनी शाखा का मिलन और संघ मंडली का विस्तार प्रत्येक पंचायत और बस्ती स्तर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया। बताया गया कि संघ की योजना के तहत आगामी 5 जनवरी से 12 जनवरी तक संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवक चयनित स्थान पर एक सप्ताह के लिए अल्पकालिक विस्तारक के रूप में रहेंगे। संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवक चयनित पंचायत और बस्ती में शाखा मिलन और संघ मंडली चलाकर वहां के कुछ स्वयंसेवक को प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद वहां पर निरंतर शाखा चलते रहे ऐसा प्रयास किया जायेगा। मौके पर उत्तर-पूर्व क्षेत्र के सम्पर्क प्रमुख अनिल ठाकुर ने संघ की योजना के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंच प्रण-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन और नागरिक कर्तव्य की जानकारी को लेकर जगह-जगह गोष्ठी की योजना है। बैठक में अशोक सोनी, डॉ राजेंद्र महतो, सन्नी कुशवाहा, अजय गुप्ता, योगेश कुमार दांगी, राजेश गुप्ता, धनंजय शुक्ला, जीवन गुप्ता, जेपी सिंह व अन्य मौजूद थे।

# संगठित अपराध के खिलाफ रामगढ़ पुलिस की रणनीति सफल : डीआइजी

**खबरमन्त्र संवाददाता/एजेंसी**

**▸▸ लोकसभा व विधानसभा चुनाव के बावजूद अपराधियों के खिलाफ भी पुलिस ने की सख्त कार्रवाई : सुनील भास्कर**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की रणनीति काफी सफल रही है। यहां जितने भी अपराधियों ने कदम रखा, पुलिस ने उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है। अपराधी रामगढ़ जिले में मिले हों, झारखंड के किसी कोने में हों या दूसरे प्रदेशों में ही क्यों न छापेमारी करनी पड़ी हो। हर जगह से अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह बातें शुक्रवार को रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के कार्यालय की समीक्षा के दौरान हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर ने कही। उन्होंने कहा कि वार्षिक समीक्षा के दौरान एसडीपीओ कार्यालय में किए जा रहे कार्य और क्षेत्र में हुए कार्यों का अवलोकन किया जाता रहा है। इस बार की रिपोर्ट बेहद सकारात्मक है। डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि चुनावी वर्ष होने के बावजूद रामगढ़ जिले की पुलिस काफी सक्रिय रही है। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को सफल पूर्वक संबंध करने के बावजूद अपराधियों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई कार्य बता दिया है कि झारखंड पुलिस 24 गुणा 7 कम कर रही है। रामगढ़ जिले की पुलिस को मिली सफलता की सराहना मुख्यालय के अधिकारी भी कर रहे हैं। डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि रामगढ़ जिले में एटीएम लूट कांड की घटना हुई थी। वह घटना सिर्फ रामगढ़ जिले में ही नहीं, झारखंड के दूसरे जिलों और बिहार के अन्य जिलों में भी हुई थी। उस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी यहां से भाग कर हरियाणा राज्य में जाकर छुप गए थे। उस गिरोह में बिहार के भी अपराधी शामिल थे। लेकिन रामगढ़ एसपी अजय कुमार के नेतृत्व में उन सभी अपराधियों को पुलिस ने ना सिर्फ गिरफ्तार किया, बल्कि लूट की रकम से खरीदी गई गाड़ी और कैश भी बरामद किया। यह झारखंड पुलिस के लिए गर्व की बात है। डीआईजी सुनील भास्कर ने इस उपलब्धि के लिए उस टीम में शामिल पदाधिकारियों को अवार्ड देने की अनुशंसा की है। सीडीपीओ कार्यालय के समीक्षा के दौरान डीआईजी सुनील भास्कर ने दस्तावेजों की भी छानबीन की। उन्होंने बेहतर तरीके से संचिका बनाने और निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया। साथ ही कांड अनुसंधान करने को लेकर भी कई निर्देश दिए। इस दौरान रामगढ़, यातायात, रजरप्पा, महिला थाना, मांडू, गोला, बरलांगा थाना, वेस्ट बोकारो और कुजू ओपी में दर्द हुई प्राथमिकी तथा उन पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। इस दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# वृद्धा आश्रम के संचालक ने युवती के साथ की छेड़खानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ नशे में सीसीएल के क्वार्टर में मिली युवती, आरोपी से भुरकुंडा पुलिस कर रही है पूछताछ**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी क्षेत्र के रीवर साईड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत के एक सीसीएल क्वार्टर में ईमलीगाछ पंचायत निवासी सह वृद्धा आस्था आश्रम चलाने वाले संचालक मो. मुस्ताक अंसारी ने एक युवती के साथ छेड़खानी करने का मामला उजागर हुआ है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर ओपी ले आई। बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने बताया कि गुरूवार रात करीब सात बजे पंचायत भवन के पीछे सीसीएल के एक क्वार्टर से एक युवती की प्लीज हेल्प मी की आवाज आ रही थी। आवाज सुनकर विकास पांडेय अन्य लोगों के साथ पहुंचे। लेकिन दरवाजा में बाहर से ताला लटका हुआ था। इसके बाद ताला को तोड़कर घर के अंदर गये तो एक युवती नशे के हालत में बार-बार हेल्फ मी का आवाज लगाती दिखी। घर के अंदर इमलीगाछ पंचायत निवासी सह वृद्धा आस्था आश्रम संचालक मुस्ताक अंसारी को पकड़ा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। भुरकुंडा थाना के एसआई कुणाल कुमार दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस ने वृद्धा आस्था आश्रम चला रहे आरोपी मुस्ताक अंसारी और युवती को कब्जे में लेकर ओपी ले आये। भुरकुंडा थाना में पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार और थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता आरोपी से पूछताछ कर रहें हैं। विकास पांडेय ने बताया कि उन्हें दो-तीन माह पूर्व जानकारी मिली थी कि ईमलीगाछ का मुस्ताक अंसारी वृद्धा आस्था आश्रम के नाम पर देह व्यापार का धंधा चला रहा है। कई जगह पर वह पकड़ाया भी है। लोगो द्वारा मारपीट कर पुलिस के हवाले भी किया गया था। लेकिन वह थाना से छुट जाता है। उन्होने बताया की गुरूवार को आरोपी चार महिला को लेकर आया था। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो ने उन्हें दी। जब वहां पहुंचे तो रूम में बाहर से ताला लगा हुआ था। लेकिन अंदर से हेल्प मी की आवाज आ रही थी। जब ताला तोडकर अंदर गये तो देखा की एक महिला बेड पर बेहाशी हालत मे पड़ी हुई है। और बेड के नीचे काफी उलटी किया हुआ था। वह नशे में घुत थी। जब पुलिस वहां पहुंची तो महिला ने बयान दिया कि मुस्ताक अंसारी ने उसके साथ जबरन जोर जबदस्ती करने का प्रयास किया गया। उन्होने कहा कि मामले को लेकर पंचायत के लोग भयभीत हैं। इधर पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी थी।

### किडनैपिंग के आरोप में बेंदगी के पूर्व मुखिया गिरफ्तार

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के पटना रोड निवासी और बेंदगी पंचायत के पूर्व मुखिया दिनेश कुमार साव को शुक्रवार की रात्रि में बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बिहार पुलिस बरही पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की है। यह मामला बिहार के दरभंगा जिले के केवटी थाना क्षेत्र का है, जहां पूर्व मुखिया दिनेश कुमार साव पर एक युवक को किडनैप करने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, पूर्व मुखिया के पास एक पोकलेन मशीन थी, जो बिहार में चलती थी। गुमशुदा युवक जितेंद्र कुमार उर्फ राजा उसी मशीन पर ऑपरेटर के तौर पर काम करता था। फरवरी 2024 से युवक का कोई पता नहीं चला, जिसके बाद युवक के पिता दुबे राम ने केवटी थाना में कांड संख्या 93/2024 के तहत शिकायत दर्ज कराई और पोकलेन मशीन के मालिक पूर्व मुखिया दिनेश कुमार को नामजद अभियुक्त बना दिया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व मुखिया को गिरफ्तार कर लिया है और बिहार ले गई है। कार्रवाई अवर निरीक्षक जीता कुमारी ने की है।

# बरही : सड़क निर्माण में अनियमितता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांच गांवों के ग्रामीणों ने काम रूकवाया, प्राक्कलन के अनुसार काम न होने का लगाया आरोप**

**बरही।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से बाँझेडीह तक करीब 114 करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि से सड़क निर्माण का कार्य स्पाइका कंपनी को सौंपा गया है। लेकिन निर्माण कार्य में अनियमितताओं के चलते शुक्रवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव और दुलमाहा मुखिया नारायण यादव के नेतृत्व में पांच गांवों के दर्जनों ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।

जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने आरोप लगाया कि कंपनी स्थानीय लोगों की भागीदारी को पूरी तरह से नजर अंदाज कर रही है। निर्माण कार्य में कहीं 12 फीट चौड़ी सड़क पर पिचिंग की जा रही है, तो कहीं 18 फीट तक ढलाई की जा रही है। यह प्राक्कलन के अनुसार नहीं है, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। किशुन यादव ने बताया कि जब इस मुद्दे पर कंपनी के सुपरवाइजर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फॉरेस्ट विभाग से एनओसी सिर्फ 12 फीट की सड़क के लिए मिली है। लेकिन उपाध्यक्ष ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि प्राक्कलन के अनुसार सड़क का निर्माण नहीं होने से यह परियोजना ग्रामीणों के लिए लंबे समय तक लाभकारी नहीं होगी।

मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि इस प्रकार की अनियमितता न केवल परियोजना की गुणवत्ता को प्रभावित करेगी, इससे ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं होंगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की तुरंत जांच कराने और प्राक्कलन के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने की मांग की। दुलमाहा के मुखिया नारायण यादव ने कहा कि कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी ग्रामीणों के लिए अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि जब तक निर्माण कार्य को सही तरीके से नहीं किया जाता, ग्रामीण इसे जारी नहीं होने देंगे। सामाजिक कार्यकर्ता सूरज दास ने कहा कि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया, तो वे आंदोलनऔर तेज करेंगे। मौके पर एआईएमआईएम विस प्रभारी सूरज दास, रंजीत यादव, गुलाब दास, सागर चंद्रवंशी, मनोहर यादव, मनोज यादव, प्रभु यादव, रंजीत पांडेय, शशि पांडेय, राजेन्द्र भुइयांज दुखी भुईयां, सुखदेव भुइयां, बिनोद सिंह, सुरेंद्र पासवान, नागेश्वर रविदास, विजय राणा, जितेंद्र पांडेय, मनोहर यादव, संजय पांडे, अमरजीत यादव, केदार राणा, चन्दन पंडित, छोटी दास, दीपक राम, कृष्णा भुइयां, बिनोद पण्डित, रामचन्द्र भुइयां, रोहित भुइयां, उदय कुमार, दिनेश यादव, गोलू, सुरेश यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### ए ला एंगलाइज विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य विजयंत कुमार ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें छह सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसके तहत नर्सरी के बच्चों के लिए वरमाला दौड़, चम्मच दौड़, बैलून दौड़, जलेबी दौड़, सब्जी दौड़, बुढ़ा दौड,.कक्षा 1 से 5 के बच्चों के लिए तीन पैरों की दौड़, मेढक दौड़, मुर्गा लड़ाई, कंगारू दौड़, जूता-मोजा दौड़, 50 मीटर दौड़ और कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़, क्रिकेट, फुटबॉल, गोला फेक, डिस्कस थ्रो, रिले रेस, बैडमिंटन, भाला फेक एवं कबड्डी आदि खेल आयोजन हुआ।

# तिवारी महतो के विधायक बनने से होगा विकासः सुदेश



**कुजू।** नयामोड़ फोरलेन सड़क पर शुक्रवार को आजसू कार्यकर्ताओं ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ता मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के नेतृत्व में एकत्रित हुए थे। जैसे ही सुदेश महतो का काफिला नयामोड़ पहुंचा वैसे कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ नारे लगाते हुए फूल माला पहना कर सुप्रीमो सुदेश महतो, गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो व मांडू विधायक तिवारी महतो का जोरदार स्वागत किया। सुदेश महतो लुगु बाबा स्टेडियम में मांडू विधानसभा स्तरीय स्वागत सह आभार सभा मे शामिल होने जा रहे थे। सुदेश महतो ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और आशा के साथ तिवारी महतो को यहां का विधायक चुना है। निश्चित तौर पर विकास कार्यों में तेजी आएगी, और आम जनता का विकास होगा। स्वागत करने वालो में विजय साहू, उमेश सिंह भोगता, लालचंद महतो, रामभजन लाल महतो, तेजनाथ महतो, नरेश महतो, जयकिशोर महतो, गुड्डू सिंह, सुरेश कुशवाहा, भुनेश्वर महतो, गोविंद महतो, अजय मंडल, तपेश्वर महतो, भोला तुरी, संगीता देवी, हेमनी देवी, सरिता देवी, नीलम देवी, ललिता देवी, रेखा देवी , आशा देवी, विकास पटेल, अमित राधे, मुकेश तिवारी, मिंटू पांडेय, शंकर मिश्रा, शिवम मिश्रा, पचु तुरी,ऋषि दास, बिनोद किस्कु, राजकुमार महतो, निरंजन महतो, राजा, मेड़ी, अमित सिंहा, विशेश्वर बेदिया, पंकज मिश्रा, गणेश बेदिया, नीतीश प्रजापति, रघुनाथ महतो, सुरेश ठाकुर, ज्ञानी महतो, सुदर्शन भुंइया, युगल महतो, कौलेश्वर महतो, सुरेंद्र कुमार, रमेश महतो व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### भाजपा का सदस्यता अभियान कल से



बरही। भगवान केसरी के आवास पर भाजपा बरही पश्चिम मंडल द्वारा मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी ने की और संचालन मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्यता अभियान प्रभारी बालमुकुंद साहू उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से इस अभियान में सक्रिय योगदान देकर इसे सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह और संजीव कतरियार, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य गजाधर प्रसाद, चौपारण पूर्वी के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता मौजूद थे। कार्यशाला में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता शर्मा, सुनैना कुमारी, सुमन देवी, किरण वर्मा और सुषमा कुमारी सहित कई महिलाओं ने भी भाग लिया।

### बाइक सवार ने युवती से छीना मोबाइल

बड़कागांव। थाना से महज आधा किलोमीटर दूर मुख्य चौक स्थित प्रभात होटल के पास एक युवती के हाथ से उचक्के ने मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पीड़िता ढेंगा कदमाडीह ग्राम निवासी रिंकी कुमारी ने बताया कि मैं प्रभात होटल के पास मोबाइल से बात कर रही थी। इसी दरमियान काला रंग की अपाची बाइक में सवार तीन लोग थे बीच में बैठे उचक्के ने मेरे हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया। जब तक हल्ला करती तब तक तेज गति से बाइक से तीनों भाग गए। वही इसकी जानकारी एसडीपीओ पवन कुमार और बड़कागांव थाना प्रभारी को दी गई है।मामले की छानबीन व उचक्के को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### चरही में 72 टन अवैध कोयला जब्त

चरही।सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के सुरक्षा विभाग ने गश्ती के दौरान छापेमारी कर तस्करी कोयले को बरामद किया। बरामद कोयले को तापीन नार्थ कोलियरी प्रबंधन के सुपुर्द किया।जानकारी के अनुसार एरिया सुरक्षा पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार बिमल ने बताया कि बुधवार रात कुछ महिला-पुरूषों के द्वारा सीसीएल के ब्लॉक नंबर 42 स्थित निर्जन जंगल में तापीन नार्थ कोलियरी से कोयले को चोरी कर जमा किया गया था।जिसकी गुप्त सूचना मिली था।सुरक्षा विभाग के गस्ती दलों ने टीम को गठित कर छापेमारी कर 42 नंबर के निर्जन स्थान जंगल से 72 टन कोयले को बरामद किया गया।इस कोयले को कुछ ग्रामीणों के द्वारा तस्करी करने को लेकर जमा किया गया था।बरामद सभी कोयले को हाइवा ट्रक के माध्यम से ढुलाई कर तापीन नॉर्थ कोलियरी के प्रबंधन के सुपुर्द किया गया।इस टीम में एरिया सुरक्षा निरीक्षक मनेही राजभर,प्रधान सुरक्षा प्रहरी किशुन महतो, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के शिवकुमार मेहता, सीताराम, दिलीप कुमार, वीरू महतो एवं तापीन नॉर्थ परियोजना के सुरक्षा सुरक्षा विभाग के जवान सम्मिलित थे।

### नाई समाज के युवाओं ने किया वनभोज

विष्णुगढ़। बक्सपुरा जमुनिया नदी तट पर बोलियांगंज नाई समाज के युवा वर्ग ने गुरुवार को वनभोज का आनंद लिया।समाज के सचिव कुंदन कुमार शर्मा ने एकता पर बल देते हुए कहा कि एकजुटता ही हमारी ताकत है, इसे बरकरार रखने के लिए सभी की सहयोग जरूरी है। पिकनिक नहीं हम सभी एक जुट होने का एक हिस्सा है। इस दौरान सभी लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का पूरा लुफ्त उठाया। मौके पर सचिव कुंदन शर्मा, मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा,मिश्रीलाल ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, मंटू ठाकुर, प्रकाश ठाकुर,बबलू ठाकुर,विशाल शर्मा,सोनू ठाकुर, महेंद्र ठाकुर,मनीष ठाकुर,रवि ठाकुर,राजेश ठाकुर, बिट्टू ठाकुर,आकाश ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, बसंत ठाकुर शामिल थे।

### सती आरोग्य हॉस्पिटल में बच्चेदानी का ऑपरेशन सफल

टाटीझरिया । मां सती आरोग्य हॉस्पिटल टाटीझरिया में मरीजों का इलाज योग्य एवं अनुभवी डॉक्टरों द्वारा हरेक छोटे बड़े बीमारियों का इलाज तथा ओप्रेशन उचित शुल्क और बेहतर व्यवस्था के साथ किया जा रहा है। वही मां सती आरोग्य हॉस्पिटल परिवार के ओर से जानकारी दिया गया कि आज सुबह 9 बजे गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर आकांक्षा( एम . डी गायनेकोलॉजी)और एनेस्थेटिक डॉक्टर सुप्रभात किरण (एम. डी एनेस्थीसिया) ने मिल कर धर्मी देवी उम्र 32 वर्ष , पति वकील महतो, देवराडी निवासी ,बगोदर की रहने वाली है जो पेट दर्द की समस्या से परेशान थी और बच्चेदानी में सिस्ट भी निकला जिसका सफल ऑपरेशन कर इलाज किया गया। टाटीझरिया जैसे क्षेत्र में इस तरह का ऑपरेशन एक बड़ी उपलब्धि है।

### टाटीझरिया में सर्वर डाउन से केवाइसी बाधित

टाटीझरिया । प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकान के माध्यम से राशन कार्डधारी लाभुको का ई- पोश मशीन के माध्यम से ई- केवाईसी किया जा रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 तक ही है।वही दिसम्बर माह के राशन को भी जविप्र दुकानदारो को लाभुको के बीच दिसंबर माह का राशन का वितरण करना है। ई - केवाईसी और राशन कार्डधारी लाभुको को राशन देना जरूरी है लेकिन विडम्बना यह है कि मशीन में नेटवर्क दोनों के लिए रहना जरूरी है। किंतु सर्वर डाउन रहने के कारण तथा नेटवर्क नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं एवं जविप्र दुकानदारो के बीच काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।योग्य लाभुक अपने घरों के जरूरी कार्यों को छोड़कर दिन दिन भर दुकानों में बैठे रहते है। फालतू में अपना पूरे दिन की समय बिताते चले जाते है। इस घटना से जविप्र दुकानदारों और लाभुको के बीच तू तू मैं से तनाव उत्पन्न हो रही है ।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय के अध्यक्ष बने हेमलाल

विष्णुगढ़। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरय में आज आमसभा किया गया जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्यकाल 3 वर्ष होने पर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हेतु छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावक गण विद्यालय में उपस्थित हुए जिसमें नए अध्यक्ष के रूप में हेमलाल महतो एवं संयोजिका/उपाध्यक्ष रीना कुमारी चयनित बैठक ग्राम पंचायत सिरय की मुखिया हेमंती देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सुशील मंडल, प्रधानाध्यापक अब्दुल अहमद अंसारी एवं पर्यवेक्षक आरसी प्रसाद महतो विद्यालय के सभी शिक्षक गण लालमोहन महतो तालेवर महतो , घनश्याम महतो जितेंद्र कुमार महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

### डीजीपी से मिले कांग्रेस नेता अरुण साहू

बरही। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता से बरही विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू एवं कांग्रेस जिला ओबीसी अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बुके देकर मुलाकात की। अरुण साहू ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के समक्ष जिला में प्रशासनिक विधि व्यवस्था के सुधार को लेकर आग्रह करते हुए कहा की हजारीबाग जिले के लोगों को विभिन्न बड़े बड़े घटनाओं से लोगों में एक दहशत बनीं हुई है। इसे लेकर प्रशासन तुरंत सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था सुधारनी चाहिए इधर दूसरी ओर जिले अंतर्गत बरही विधानसभा में लगातार जंगल पेड़ो की कटाई कर अफीम का उत्पादन, जगह जगह पर गलत तरीके शराब बनाने, अवैध बालू की ढुलाई और राष्ट्रीय मार्ग जीटी रोड में गौ तस्करी सहित कई तरीके से अवैध कारोबार बड़े तरीके से चलाई जा रही है। जिसे रोकने को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन बिल्कुल ही फेल नजर आ रही हैं जिसका नतीजा है कि बरही में अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा हैं।



# मानव-वन्य जीव सामंजस्य की तरफ बढ़े सार्थक कदम

## वन्य जीव संरक्षण

साल 2024 वन्य जीवन संरक्षण के क्षेत्र में भारत के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। चीतों की पुनर्स्थापना, बाघों और एशियाई शेरों की संख्या में वृद्धि, और हिम तेंदुओं के संरक्षण में सुधार के साथ-साथ मानव-वन्यजीव संघर्ष के समाधान के लिए भी कदम उठाए गए। भारत ने वन्य जीवन के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहल की है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत में वन्य जीवन का संरक्षण और बढ़ी हुई जागरूकता दिखाई दी।

**के.पी. सिंह**

वन्य जीवन के लिहाज से साल 2024 कई महत्वपूर्ण घटनाओं और उपलब्धियों का साल माना गया। मसलन साल 2024 में देश में चीतों की पुनर्स्थापना का प्रयास किया गया। मध्य प्रदेश स्थित कुनो नेशनल पार्क में चीता परियोजना 2024 देश ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चा का विषय रही। हालांकि, इस साल कई चीतों की मौत हो गई, जिससे उजागर हुआ कि इस प्रोजेक्ट की चुनौतियां कितनी विकट हैं? लेकिन सरकार ने चीतों के संरक्षण और अनुकूलन के लिए सभी प्रयास जारी रखे। नतीजतन भारत अब इनकी बेहतर निगरानी और प्रबंधन के लिए किसी हद तक तकनीकी विशेषज्ञता हासिल कर चुका है।

साल 2024 गुजरात के गिर वनों में एशियाई शेरों की संख्या में वृद्धि हुई। यह हमारे सफल संरक्षण प्रयासों का नतीजा है। एशियाई शेरों की तरह ही प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलिफेंट के अंतर्गत बाघों और हाथियों की संख्या को स्थिर बनाये रखने के लिए भारत सरकार ने कुछ गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर इस साल कई सकारात्मक कदम उठाए हैं। यही कारण है कि बाघों की संख्या में इस साल बढ़ोतरी देखी गई है। इस समय देश में बाघों की संख्या कुल 3682 हैं।

इस संख्या से पता चलता है कि 2018 और 2022 के बीच बाघों की आबादी में 24.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। क्योंकि 2018 में बाघों की संख्या 2967 थी। बहरहाल, भारत में दुनिया के 75 फीसदी बाघ हैं और सबसे ज्यादा बाघ मध्य प्रदेश में हैं। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक मध्य प्रदेश में 785, कर्नाटक में 563, उत्तराखंड में 560, उत्तर प्रदेश में 205 और बिहार में इनकी संख्या 54 है। हालांकि, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बाघों की संख्या में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही भारत में 18 टाइगर रिजर्व ऐसे हैं, जहां बाघों की संख्या 10 से भी कम है। अगर किसी एक रिजर्व में सबसे ज्यादा बाघों की बात करें तो देश में सबसे ज्यादा बाघ उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हैं, जहां इनकी संख्या 260 है।

हालांकि, हाथियों के संरक्षण के लिए भी कई नई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। लेकिन हाथियों का इंसानों के साथ हाल के सालों में संघर्ष काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस साल मानव-वन्य जीव संघर्ष खास तौर पर चिंता का विषय रहा। महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा और असम ये चार ऐसे राज्य हैं, जहां हाथियों और तेंदुओं की इंसानों के साथ संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं।

हालांकि, हाथियों के संरक्षण के लिए भी कई नई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। लेकिन हाथियों का इंसानों के साथ हाल के सालों में संघर्ष काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस साल मानव-वन्य जीव संघर्ष खास तौर पर चिंता का विषय रहा। महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा और असम ये चार ऐसे राज्य हैं, जहां हाथियों और तेंदुओं की इंसानों के साथ संघर्ष की घटनाएं बढ़ी हैं।

इन संघर्षों को रोकने के लिए सरकार ने स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर बायोफेंसिंग और बफर जोन जैसे तरीकों पर काम किया है। उत्तराखंड, असम और पश्चिम बंगाल में हाथी दांत, बाघ की खाल और अन्य प्रजातियों की तस्करी रोकने के लिए सख्त कदम उठाये गये हैं। इस साल भारत सरकार ने वन्य जीव संरक्षण के लिए दक्षिण एशियाई देशों के साथ मिलकर, ह्यसाउथ एशिया वाइल्ड लाइफ इन्फोर्समेंट नेटवर्कह्न के तहत बेहतर निगरानी तंत्र विकसित किया है।


### सघन वन के प्रमाण है वन्य जीव

संख्या से पता चलता है कि 2018 और 2022 के बीच बाघों की आबादी में 24.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। क्योंकि 2018 में बाघों की संख्या 2967 थी। बहरहाल, भारत में दुनिया के 75 फीसदी बाघ हैं और सबसे ज्यादा बाघ मध्य प्रदेश में हैं। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक मध्य प्रदेश में 785, कर्नाटक में 563, उत्तराखंड में 560, उत्तर प्रदेश में 205 और बिहार में इनकी संख्या 54 है। हालांकि, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में बाघों की संख्या में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही भारत में 18 टाइगर रिजर्व ऐसे हैं, जहां बाघों की संख्या 10 से भी कम है। अगर किसी एक रिजर्व में सबसे ज्यादा बाघों की बात करें तो देश में सबसे ज्यादा बाघ उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हैं, जहां इनकी संख्या 260 है।

बाघों, हाथियों और एशियाई शेरों के सफल और कुशल संरक्षण के बाद भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा 2019 में शुरू किया गया हिम तेंदुआ का इस साल हुआ सर्वेक्षण बताता है कि हिम तेंदुओं की संख्या में अब मामूली ही सही, वृद्धि हो रही है। इस साल देश में हिम तेंदुओं की कुल संख्या 718 थीं, जो 6 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में फैली हुई है। देश में सबसे ज्यादा हिम तेंदुए लद्दाख में 477 हैं। इसके बाद उत्तराखंड में 124, हिमाचल प्रदेश में 51, अरुणाचल प्रदेश में 36, सिक्किम में 21 और जम्मू-कश्मीर में कुल 9 हैं। अगर सिर्फ तेंदुओं की बात करें तो भारत में इस समय तेंदुओं की सख्या 13,874 हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 3907 हैं। मध्य प्रदेश के बाद तेंदुओं की ठीकठाक संख्या महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी हैं। महाराष्ट्र में 1985 और कर्नाटक में 1879 हैं।

भारत में रामसर स्थलों की संख्या में भी इस साल इजाफा हुआ है। रामसर स्थल दरअसल आर्द्रभूमि क्षेत्र होते हैं, जो जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए जरूरी हैं। वास्तव में आर्द्र भूमि संरक्षण हेतु साल 1971 में ईरान के रामसर में एक सम्मेलन हुआ था, जिसके समझौते साल 1975 से प्रभावित हुए थे। भारत के कुल 85 रामसर स्थल 13,58,068 हेक्टेयर क्षेत्र कवर करता है। इस साल जिन 10 नये रामसर स्थलों को संरक्षण में शामिल किया गया। उसमें 3 कर्नाटक में, 4 तमिलनाडु में, 2 बिहार में और 1 मध्य प्रदेश में है। इन्हें फरवरी, 2024 से अगस्त, 2024 के बीच शामिल किया गया। इनके नाम हैं- नंजरायण पक्षी अभ्यारण्य तमिलनाडु, काजुवैली पक्षी अभ्यारण्य तमिलनाडु और तमिलनाडु में ही कराइवेटी पक्षी अभ्यारण्य तथा लांगवुड शोला रिजर्व वन क्षेत्र भी शामिल हैं। इस तरह साल 2024 वन्य जीवन के लिहाज से काफी शानदार साल रहा।

# आर्थिक रूप से आगे बढ़ती महिलाएं




**अभिषेक जैन**

'परिदृश्य बदल रहा है। महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है।' ये कुछ चुनिन्दा पंक्तियां हैं जो यदाकदा अखबारों में, टीवी न्यूज चैनल पर, और नेताओं के मुंह से सुनी जाती रही है। अपने क्षेत्र में खास उपलब्धियां हासिल करने वाली कुछ महिलाओं का उदाहरण देकर हम महिलाओं की उन्नति को दर्शाते हैं। पर अगर आप ध्यान दे तो कुछ अदभुत करने वाली महिलाएं तो हर काल में रही है। सीता से लेकर द्रौपदी, रजिया सुल्तान से लेकर रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर इंदिरा गांधी एवं किरण बेदी एवं सानिया मिर्ज़ा। परन्तु महिलाओं की स्थिति में कितना परिवर्तन आया? और आम महिलाओं ने परिवर्तन को किस तरह से देखा?

दरअसल असल परिवर्तन तो आना चाहिए आम लोगों के जीवन में। जरुरत है उनकी सोच में परिवर्तन लाने की। उन्हें बदलने की। आम महिलाओं के जीवन में परिवर्तन, उनकी स्थिति में, उनकी सोच में परिवर्तन। उनके खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। शहर असुरक्षित होते जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा घटनाओं एवं कुछ चुनिंदा लोगों की वजह से कई सारी अन्य महिलाओं एवं लड़कियों के बाहर निकलने के दरवाजे बंद हो जाते हैं। जरुरत है बंद दरवाजों को खोलने की। रौशनी को अंदर आने देने की। प्रकाश में अपना प्रतिबिम्ब देखने की। उसे सुधारने की । निहारने की। निखारने की। इसी कड़ी में एक और दरवाजा है आत्मनिर्भरता। आर्थिक आत्म निर्भरता। उन्हें बचपन से सिखाया जाता है कि खाना बनाना जरूरी है। जरुरत है कि सिखाया जाये कि कमाना भी जरूरी है। आर्थिक रूप से सक्षम होना भी जरूरी है। परिवार के लिये नहीं वरन अपने लिए। पैसे से खुशियां नहीं आती, पर बहुत कुछ आता है जो साथ खुशियां लाता है।अगर शिक्षा में कुछ अंश जोड़ें जाये जो आपको किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी दे। आपके कौशल को उपयुक्त बनाये। आपको इस लायक बनाये कि आप अपना खर्च तो वहन कर ही सके। तभी शिक्षा के मायने सार्थक होंगे। जरूरी नहीं कि हर कमाने वाली लड़की डॉक्टर या शिक्षिका हो। वे खाना बना सकती है। पार्लर चला सकती है। कपड़े सी सकती हैं। उन्हें ये सब आता है। वे ये सब करती हैं। पर सिर्फ घर में। उनके इसी हुनर को घर के बाहर लाना है। आगे बढ़ाना है। ये एक सोच है। जरूरत है इस सोच को आगे बढ़ाने की। उनके कौशल को उनकी जीवन रेखा बनाने की। ताकि समय आने पर वे व्यवसाय कर सके। अपना परिवार चला सके। ये उन्हें गति देगा। दिशा देगा। आत्माभिमान देगा। आत्मविश्वास देगा। वे दबेगी नहीं। डरेगी नहीं। ये एक खुशहाल भविष्य की कामना है। अमल करें। अभी करें।

# सरकारी नौकरी डॉटकॉम है युवाओं की पसंद



आज प्रत्येक युवा का सपना सरकारी नौकरी पाना है। यह केवल सपना है। आज की स्थिति में यह सपना साकार होना आसान नहीं है। कारण, सबको सरकारी नौकरी चाहिए क्योंकि युवा अपने जीवन में स्थिरता का सपना पाले होते हैं। हमारी परंपरा ही जीवन में स्थिरता की रही है। स्थिर जीवन स्थायी नौकरी से संभव है। स्थायी नौकरी आलस्य, मनमानी के साथ ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज नियोक्ता ठेका आधार पर नौकरी को महत्त्व दे रहे हैं। कर्मचारियों के हितों की बात करने वाले संगठित क्षेत्र में कर्मचारी यूनियंस महत्त्वहीन हो रही हैं। सही बात यह है कि मनमानी की यह व्यवस्था ज्यादा दिन चल नहीं सकती, फिर भी सभी युवक सरकारी नौकरी चाहते हैं। सर्च इंजन गूगल के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, सरकारी नौकरी डॉटकॉम पर सबसे ज्यादा युवकों ने नौकरी खोजी है। वर्गीकृत विज्ञापन देखने के लिए क्लिक करने वाले युवा इस डॉटकॉम पर जरूर हिट कर रहे हैं। क्लासीफाइड का कारोबार देश में तेजी से बढ़ रहा है और आज यह करीब डेढ़ अरब डॉलर का बन चुका है। युवाओं ने बैंकिंग तथा सूचना तकनीकी क्षेत्र में भी रुचि दिखाई है लेकिन 38 फीसदी युवा सिर्फ सरकारी नौकरी डॉटकॉम पर हैं। यह जिस रफ्तार से चल रहा है उसे देखते हुए 2020 तक इसकी भागीदारी 65 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही, ऑनलाइन कारोबार में क्लासीफाइड का कारोबार 30 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

# आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं

आत्मविश्वास से आशय स्वंय पर विश्वास एवं नियंत्रण से है। हमारे जीवन में आत्मविश्वास का होना उतना ही आवश्यक है जितना किसी फूल में खुशबू का होना। आत्मविश्वास के बगैर हमारी जिंदगी एक जिन्दा लाश के समान हो जाती है। कोई भी व्यक्ति कितना भी प्रतिभाशाली क्यों न हो, वह आत्मविश्वास के बिना कुछ नहीं कर सकता।



**डॉ मेरी ग्रेस**



आत्मविश्वास ही सफलता की नींव है, आत्मविश्वास की कमी के कारण व्यक्ति अपने द्वारा किये गए कार्य पर संदेह करता है और नकारात्मक विचारों के जाल में फंस जाता है। आत्मविश्वास उसी व्यक्ति के पास होता है जो स्वंय से संतुष्ट होता है एंव जिसके पास दृढ़ निश्चय, मेहनत, लगन, साहस, वचनबद्धता आदि संस्कारों की सम्पत्ति होती है।

- सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करें एवं उन्हें पूरा करने के लिए वचनबद्ध रहें। जब आप अपने द्वारा बनाये गए लक्ष्य को पूरा करते हैं तो यह आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है।
- ऐसे लक्ष्य बनाएं जिसे आप प्राप्त कर सकें क्योंकि जब आप ऐसे लक्ष्य बनाते हैं जिसे आप पूरा नहीं कर सकते तो यह आपके मनोबल को गिरा देते हैं और आपका स्वयं पर विश्वास कम हो जाता है। लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए।
- खुश रहकर खुद को प्रेरित करें। असफलता से दुखी न होकर उससे सीख लें।
- हमेशा आसान काम पहले करें और मुश्किल काम बाद में। क्योंकि जब आप पहले आसान कार्य अच्छे से कर लेते हैं तो दबाव कम हो जाता है और आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे मुश्किल कार्य भी आसान बन जाता है।
- जब भी सोंचे तो सकारात्मक ही सोचें। इससे आत्मबल में वृद्धि होती है। विनम्र रहें एंव दिन की शुरुआत किसी अच्छे कार्य से करें।
- इस दुनिया में नामुनकिन कुछ भी नहीं है। आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुशमन किसी भी कार्य को करने में असफलता होने का डर है एवं डर को हटाना है तो वह कार्य अवश्य करें जिसमें आपको डर लगता है।
- वह कार्य करें जिसमें आपकी रुचि हो एंव कोशिश करें कि अपने करियर को उसी दिशा में आगे ले, जिसमें आपकी रुचि हो।
- दूसरों की देखा-देखी मत कीजिए, वह पहनिए जो आपको अच्छा लगे या मन को भाये। कपड़े कम खरीदिये लेकिन अच्छे खरीदिये।
- व्यवहारकुशल बनें और हमेशा नम्रता व मुस्कराहट के साथ व्यवहार करें। इससे न केवल आपका आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, बल्कि इससे आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। अच्छे मित्र हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं और आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ होते हैं।
- वर्तमान में जियें। क्योंकि न तो भूतकाल एंव न ही भविष्यकाल पर हमारा नियंत्रण है। बच्चों से दोस्तीं करें और आत्मचिंतन करें।

ध्यान, योग एवं प्राणायाम करें। अपने लिए समय निकालें और कुछ समय एकांत में बिताएं। स्वंय से बात करें और यह महसूस करें कि आप एक बेहतर इन्सान हैं।

- अपनी सफलताओं को याद करें और कल्पना करें कि आप कुछ भी कर सकते हैं और आपके लिए नामुकिन कुछ भी नहीं।
- हमेशा चिंतामुक्त रहने की आदत बनायें, रचनात्मक तरीके से सोचें और कुछ न कुछ नया करते रहें। दिन में कुछ समय संगीत सुनने, खेलने अथवा रचनात्मक कार्यों के लिए जरूर निकालें।
- आत्मनिर्भर बनें एंव जितना हो सके अपने कार्य स्वंय करने की कोशिश करें। आत्मनिर्भरता से आपका लेवल बढ़ता है।
- उस बारे में सोचना बंद कर दें जिस पर हमारा नियंत्रण न हो। अगर आप उस बातों या परिस्थितियों की वजह से दुखी हो जाते है जो आपके नियंत्रण में नहीं है तो इसका परिणाम समय की बर्बादी व भविष्य पछतावा है जिससे आपका मनोबल गिरता है।

### लोग क्या कहेंगे,यह मत सोचिये

सबसे बड़ा यही रोग है कि लोग क्या कहेंगे। ज्यादातर लोग कोई भी कार्य करने से पहले कई बार यह सोचते हैं कि वह कार्य करने से लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे या क्या कहेंगे और इसलिए वे कोई निर्णय ले ही नहीं पाते एवं सोचते ही रह जाते हैं एंव समय उनके हाथ से पानी की तरह निकल जाता है। ऐसे लोग हमेशा डर-डर के जीते हैं और बाद में पछताते हैं। याद रखें सोशल मीडिया से आपकी दूरी आपकी एकाग्रता बढ़ाती है जो आपकी शिक्षा प्राप्ति के लिये आवश्यक है। यह आपका करियर खराब करता है।

- आप अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें और अपना सौ प्रतिशत मेहनत व लगन से बड़े से बड़ा मुश्किल कार्य आसान हो जाता है। अगर लक्ष्य को प्राप्त करना है तो बीच में आने वाली बाधाओं को पार करना होगा, मेहनत करनी होगी, बार बार दृढ़ निश्चय से कोशिश करनी होगी।
- असफल लोगों के पास बचने का एकमात्र साधन यह होता है कि वे मुसीबत आने पर अपने लक्ष्य को बदल देते हैं। इससे ऐसे लोगों से बचें।

अगर आपको सफल होना है तो अपने लक्ष्य पूरे करने की आदत बनाईये न कि उन्हें बार बार बदलने की, अगर आपका अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय नहीं है तो आपके आत्मबल का गिरना तय है। (प्राचार्या, यूआईसी, रांची)

# नौकरी खो जाने के डर से कर रहे हैं ये काम तो..



यदि आपको कभी लगता है कि आपकी कंपनी आपको नौकरी से निकाल सकती है तो ऐसा मत मानिये कि किसी प्रकार का नौकरी लॉस इंश्योरेंस आपको नई नौकरी पाने के दौरान कुछ महीनों तक सहारा देता रहेगा।

इस बात के आसार भी हो सकते हैं कि आप इसकी पात्रता भी ना रखते हों। टेक्नॉलॉजी सेक्टर में छंटनी का दौर चल रहा है। ऐसे में कर्मचारी ऐसे किसी विकल्प की तलाश में हैं जिससे उन्हें नौकरी खोने का भी बीमा मिल सके। आइये इसके बारे में कुछ और बातें जानते हैं...

- स्टैंड अलोन जॉब लॉस कवर उपलब्ध नहीं हैं। किसी भी प्रकार की बीमा कंपनी ऐसी पॉलिसी नहीं चलाती है। अन्य पॉलिसियां जो एक्सीडेंट और गंभीर बीमारी को कवर करती हैं, उसमें यह उपलब्ध है।
- यह केवल उन तीन सबसे बड़ी ईएमआइ के लिए हैं जो कि अपनी आय का पचास प्रतिशत किश्त में चुकाते हैं।
- एक से तीन महीने का समय वेटिंग पीरियड में आता है, इसका क्लेम केवल उसी समयावधि के लिए किया जा सकता है।
- छंटनी के मामले में पॉलिसी तभी लागू होती है जब नियोक्ता विलय या अधिग्रहण के चलते आपकी छंटनी कर दे। इसके लिए आपको छंटनी का लिखित प्रमाण चाहिये। बिना प्रमाण के लिए यह क्लेम मान्य नहीं होगा।
- कई पॉलिसियां ऐसी होती हैं जो कि इस तरह के क्लेम को मान्य नहीं करती। इसके अलावा विभिन्न बीमा में छंटनी को एक सूची के जरिये देखा जाता है।
- यदि नौकरी के रिस्क को लेकर कोई क्लेम पेश किया जाता है तो इसमें बहुत सारी शर्तें देखना होंगी।
- नौकरी के लॉस कवर का सीमित क्षेत्र देखते हुए इसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।
- छंटनी का प्रमाण रखना बेहद जरूरी है क्योंकि वही चीज आपके काम आएगी यदि आपको क्लेम करने की पात्रता है।

# आस्ट्रेलिया ने भारत को फंसाने का बिछाया जाल




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। इस सीरीज के तीन मैच हो चुके हैं। अब इस सीरीज के दो टेस्ट मैच बाकी है, जिसमें से एक आस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड और दूसरा सिडनी में खेला जाएगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले ही आस्ट्रेलिया ने बाकी बचे दो मैचों के लिए अपनी टीम को ऐलान कर दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया टीम में 3 बड़े बदलाव

आस्ट्रेलिया ने बाकी दो टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में तीन बदलाव किये हैं। पर्थ में पहले टेस्ट में टेस्ट डेब्यू करने वाले नाथन मैकस्वीनी को केवल तीन मैचों के बाद ही बाहर कर दिया गया है। उन्होंने छह पारियों में केवल 72 रन बनाये। यह 1974 के बाद से किसी आस्ट्रेलियाई टेस्ट ओपनर के लिए अपने पहले छह पारियों में सबसे कम स्कोर है। उन्होंने तीन टेस्ट में केवल 14.40 का औसत बनाया। उस्मान ख्वाजा का प्रदर्शन भी बेहतर नहीं रहा है। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने छह पारियों में सिर्फ 63 रन बनाये, लेकिन उन्होंने अपने अनुभव के कारण अपनी जगह बरकरार रखी। नाथन मैकस्वीनी की जगह अंडर-19 विश्व कप के स्टार सैम कोंस्टास को टीम में शामिल किया गया है। दिसंबर 2024 में कोंस्टास ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में डेविड वार्नर की अगुआई वाली सिडनी थंडर (एसटी) के लिए पदार्पण किया। डेविड वार्नर के साथ ओपनिंग करते हुए, उन्होंने 26 गेंदों पर 57 रनों की तूफानी पारी खेली, जो सिडनी थंडर के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक था। ब्यू वेबस्टर जो कि तीसरे टेस्ट का हिस्सा थे उनको भी बाकी दोनों मैचों के लिए टीम में रखा गया है। उनके साथ झाई रिचर्डसन और सीन एबॉट को भी टीम में शामिल किया गया है। रिचर्डसन तीन साल बाद टीम में लौटे हैं। मिशेल मार्श की चोट की चिंताओं के कारण आस्ट्रेलिया ने ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भी वापस बुलाया है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। इस टेस्ट को बॉक्सिंग डे टेस्ट भी कहा जाता है क्योंकि ये टेस्ट बॉक्सिंग डे वाले दिन यानी 26 दिसंबर को खेला जाता है।

## उत्कृष्टता की ललक अश्विन को खास बनाती है : शास्त्री



एजेंसी

**मेलबर्न।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन और विरोधी की चिंता किए बिना अपने कौशल में निखार की रविचंद्रन अश्विन की ललक ने उन्हें खास बनाया है। 38 वर्ष के अश्विन ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेकर सभी को हैरान कर दिया। शास्त्री ने आइसीसी रिव्यू में कहा, मुझे जो बात प्रभावित करती है, वह लगातार खुद को निखारने की उसकी ललक। वह यथास्थिति से कभी संतुष्ट नहीं होता। पिछले दो तीन साल में जिस तरह से उसने गेंदबाजी की है और अपने कौशल को निखारा है, वह अलग नजर आया है। अपने खेल के विकास की प्रक्रिया में अश्विन ने नयी गेंदों और अपने एक्शन पर लगातार काम किया। शास्त्री ने कहा, वह नई चीजें सीखना चाहता था और उसने इस पर काफी मेहनत की। उसने हमेशा खुद को समय के साथ अपडेट रखा। शास्त्री ने कहा, पिछले चार 5 साल में अश्विन और रविंद्र जडेजा ने मिलकर बेहतरीन स्पिन जोड़ी बनाई। दोनों एक दूसरे के पूरक रहे। मैं यह कहूंगा कि पिछले 5-6 साल में जडेजा के विकेटों में अश्विन का और अश्विन के विकेटों में जडेजा का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा, बाएं हाथ के और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अश्विन का रिकॉर्ड एक सा रहा है जो उसके हुनर का सबूत है। उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि वह किसे गेंदबाजी कर रहा है। वह हमेशा इसके लिए तैयार रहता था।

## पृथ्वी शॉ का एमसीए को मुंह तोड़ जवाब, स्टोरी डाल लिखा- अगर समझ नहीं आता तो...



एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के बयान पर पृथ्वी शॉ ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी डालकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में पृथ्वी शाह को मुंबई टीम में जगह नहीं मिली है। इससे निराश होकर पृथ्वी ने बीते दिनों एक स्टोरी डाली थी। इस पर एमसीए ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लिख दिया कि पृथ्वी अपना दुश्मन खुद है। पृथ्वी को यह जवाब बिल्कुल न गंवारा गुजरा है। उन्होंने एक बार फिर से इंस्टाग्राम का रुख किया है। उन्होंने स्टोरी डालकर लिखा है- यदि आप इसे पूरी तरह से नहीं समझते हैं, तो इस पर बात न करें। बहुत से लोगों की पूरी राय होती है, लेकिन आधे तथ्य होते हैं। एमसीए के एक सूत्र ने कहा था कि वह लगातार अनुशासन तोड़ता रहा है और अपना दुश्मन खुद है। एमसीए के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन मसले के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छिपाने पर मजबूर होना पड़ता था। शॉ ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गुस्सा निकाला था। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम का हिस्सा थे। अधिकारी ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम 10 फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि शॉ को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था। बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग-अलग खिलाड़ी के लिए अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे।

## फारूकी पर आइसीस ने लगाया जुर्माना

**हरारे (जिम्बाब्वे)।** अफगानिस्तान के खिलाड़ी फजलहक फारूकी पर गुरुवार को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान आइसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के एक बयान में कहा गया, अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी पर आइसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। फारूकी को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आइसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने से संबंधित है। इसके अलावा आईसीसी के अनुसार फजलहक के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।

## अंडर-19 महिला एशिया कप : श्रीलंका को हरा कर भारत फाइनल में पहुंचा

एजेंसी



**कुआलालंपुर।** बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे। 2023 महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रनों की साझेदारी की जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए। श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट कर दिया लेकिन शांत और धैर्यवान मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए जिसमें विजयी रन भी शामिल था, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं जिससे भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आयुषी को उनके चार चौकों के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूनामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा।

## चेन्नइयन के खिलाफ आक्रामकता जारी रखने उतरेगी मुंबई सिटी

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी शनिवार शाम इंडियन सुपर लीग 2024-25 मुकाबले के लिए मुम्बई फुटबॉल एरिना (एमएफए) में चेन्नइयन एफसी की मेजबानी करेगी। मुंबई चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले नौ आइएसएल मुकाबलों में सात जीत और दो ड्रा के साथ अपराजित रहे हैं। मुंबई ने अपने पिछले पांच मैचों में दो जीते हैं और दो ड्रा खेले हैं। मुंबई सिटी एफसी 11 मैचों में चार जीत, पांच ड्रा और दो हार से 17 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर है। चेन्नइयन एफसी 12 मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और पांच हार से 15 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। लेकिन उसने अपने पिछले पांच मुकाबलों में तीन हारे हैं। मुंबई ने अपने पिछले तीन आइएसएल मैचों में कोई गोल नहीं खाया है। मुंबई ने इस सीजन में सात बार पोस्ट-क्रॉसबार को निशाना बनाया है, जो दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। पिछले साल, उसने 10 बार सबसे ज्यादा पोस्ट-क्रॉसबार पर निशाने मारे थे। चेन्नइयन एफसी अपने पिछले दो अवे मैच हारी है, जिनमें कोई गोल नहीं कर पाई है। चेन्नइयन ने घर से बाहर लंबे समय तक दिसंबर 2023 और फरवरी 2024 के बीच चार मैच हारे थे। चेन्नइयन ने इस सीजन में अपने मैचों के पहले हाफ में केवल सबसे कम चार गोल खाए हैं। हालांकि, उन्होंने दूसरे हाफ में 14 गोल खाए और यह केरला ब्लास्टर्स के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। मुंबई के चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नइयन एफसी के खिलाफ आगामी मुकाबले में सुधार करे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अच्छी तरह से बचाव करें, तेज गति से हमले करें और अधिक मौके बनाकर गोल दागें। इन क्षेत्रों पर हम अभी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## एशिया वोवीनाम फेडरेशन के महासचिव चुने गए प्रवीण गर्ग

**लखनऊ।** वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग को सर्वसम्मति से एशिया वोवीनाम फेडरेशन का महासचिव चुना गया है। पांचवी एशियाई वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन बाली, इंडोनेशिया में 17 से 22 दिसंबर 2024 में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दौरान एशिया वोवीनाम फेडरेशन कांग्रेस और चुनाव का आयोजन 19 दिसंबर को किया गया। जिसमें 2024 से 2028 कार्यकाल के लिए ईरान फेडरेशन के अध्यक्ष मोहम्मद नूही को अध्यक्ष, वियतनाम से ग्यून बिन दिन्ह को एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और गर्ग को महासचिव चुना गया। नयूमन यमाधिपुत्रा, विष्णु सहाय और पैंग सुनचुन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## भारत को मिली पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी

**नयी दिल्ली।** अगले वर्ष पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी भारत करेगा। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स (डब्ल्यूपीए) ने विश्व चैम्पियनशिप के आयोजन की मेजबानी भारत को दिये जाने की घोषणा की है।

## दक्षिण अफ्रीका ने अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका ने मलेशिया में अगले महीने होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2025 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। दक्षिण अफ्रीका ने 18 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट के लिए टीम की कमान ऑलराउंडर कायला रेनेके को सौंपी है। टीम में अनुभवी लेग स्पिनर सेशनी नायडू और विकेटकीपर कराबो मेसो को जगह दी हैं। नायडू ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 से पहले पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में पदार्पण किया। हालांकि उन्हें संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टूनार्मेंट के लिए टीम में शामिल किया गया था। लेकिन वह किसी भी मैच में नहीं खेली। वहीं मेसो ने मार्च की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हराया

**केपटाउन।** कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई।

## एचआइएल आगाज में सारा अली और किंग होंगे मुख्य आकर्षण

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) 2024-25 भव्य शैली में वापसी करने के लिए तैयार है, जिसकी शुरूआत 28 दिसंबर को उद्घाटन मैच से पहले राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगी। यह कार्यक्रम, जो खेल, मनोरंजन और अत्याधुनिक तकनीक का एक शानदार उत्सव होने का वादा करता है, में शीर्ष भारतीय हस्तियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका थीम 'हॉकी का जश्न' होगा। बॉलीवुड सनसनी सारा अली खान और प्रसिद्ध संगीत कलाकार किंग अपने शानदार प्रदर्शन के साथ शाम को सुर्खियां बटोरेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित श्यामक डावर डांस ट्रूप गतिशील कोरियोग्राफी के साथ मंच को जीवंत करेंगे। रात की एक खास विशेषता अभिनव एनामॉर्फिक फ्लोर प्रोजेक्शन मैपिंग होगी, जो स्टेडियम के फ्लोर पर प्रोजेक्ट किए गए 3डी भ्रम के साथ प्रशंसकों के लिए एक विजुअल इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगी। प्रशंसकों को एक्शन के और करीब लाने के प्रयास में, राउरकेला में दर्शकों के लिए उद्घाटन समारोह और एचआइएल 2024-25 के सभी मैचों के टिकट निःशुल्क होंगे। इस पहल का उद्देश्य लीग को देश भर के प्रशंसकों के लिए और अधिक सुलभ बनाना है, ताकि वे विश्व स्तरीय खेल तमाशा लाइव देख सकें।

हॉकी इंडिया लीग के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने एचआइएल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा, राउरकेला हॉकी के प्रति गहरा प्रेम रखने वाला शहर है, और यह उचित ही है कि हम यहां इतने भव्य समारोह के साथ लीग का शुभारंभ करें। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, इस साल का उद्घाटन समारोह पहले कभी नहीं हुआ है। हम इसे हॉकी का एक सच्चा उत्सव बनाना चाहते थे, जिसमें मनोरंजन और नवाचार का मिश्रण इस तरह से हो कि प्रशंसक उत्साहित हों और खेल को उनके और करीब लाए। सारा अली खान और किंग के प्रदर्शन से लेकर अत्याधुनिक दृश्य प्रभावों तक, हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम हॉकी के अविस्मरणीय सत्र के लिए मंच तैयार करेगा। उन्होंने कहा, उद्घाटन समारोह में न केवल खेल का जश्न मनाया जाएगा, बल्कि उन प्रशंसकों का भी जश्न मनाया जाएगा जो हीरो एचआईएल की वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम सभी को इस असाधारण आयोजन का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हुए रोमांचित हैं।

## जयपुर ने बंगाल वारियर्स को हराया, प्लेआफ में पहुंचे

**पुणे।** जयपुर पिंक पैंथर्स हाफटाइम तक 10 अंक से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए इस टीम ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 123वें मैच में बंगाल वारियर्स को 31-28 से हराकर प्लेआफ का टिकट कटा लिया है। जयपुर की जीत ने हालांकि मौजूदा चैंपियन पुनेरी पल्टन को लीग से बाहर कर दिया। पहले हाफ की समाप्ति तक जयपुर 9-19 से पीछे थे लेकिन अर्जुन (9) और अपने डिफेंडर रेजा मीरबघेरी (5 अंक) की बदौलत उसने 30 मिनट तक फासला 3 का कर दिया और फिर आलआउट लेते हुए लीड ले ली। इसके बाद जयपुर ने बंगाल को वापसी का मौका नहीं दिया।

## 38वें राष्ट्रीय खेल में योग को शामिल करने का मुहिम होगी तेज

**देहरादून।** ओलंपिक में योग को शामिल करने की मुहिम अब उत्तराखंड से परवान चढ़ेगी। 38वे राष्ट्रीय खेलों में योग को शामिल करने के दूरगामी परिणाम सुनिश्चित माने जा रहे हैं। उत्तराखंड के लिए यह दोहरी खुशी का मौका है। पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की खुशी अपनी जगह है। इसके अलावा, एक खेल के रूप में योग का राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण भी उत्तराखंड की ही धरती पर हो रहा है।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप : धीरज, दीपिका ने अंतिम दिन रिकर्व खिताब जीता, टीम पदक भी जीते

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** ओलंपियन बी. धीरज और दीपिका कुमारी शुक्रवार को गोपाल मैदान में राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन क्रमशः रिकर्व पुरुष और महिला वर्ग में चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने टीम मेडल जीतकर अपनी खुशी दोगुनी कर दी। दिव्यांश चौधरी के साथ व्यक्तिगत खिताबी मुकाबले में धीरज ने पहले दो सेटों में अंक बांटे, जबकि दूसरे सेट में उन्होंने परफेक्ट 30 स्कोर किया, उन्होंने लगातार येलो जोन में पहुंचकर 6-2 के स्कोर के साथ अपना पहला खिताब जीता। उनके 18 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी पहली बार पोडियम पर शूटिंग करने के दबाव को नहीं झेल पाए। धीरज ने सर्विसेस पुरुष टीम की कांस्य पदक जीत में भी योगदान दिया। धीरज ने कहा, यह एक अच्छा प्रदर्शन था। मैंने जो कुछ भी किया है, वह सही दिशा में जा रहा है। पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन के रंग में रंगी दीपिका ने अपने पति अतनु दास के साथ मिलकर पंजाब की सिमरनजीत कौर और आदित्य चौधरी की जोड़ी को 6-2 से हराकर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं के व्यक्तिगत फाइनल में दीपिका ने स्थानीय पसंदीदा अंकिता भक्त को 6-2 से हराकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दीपिका ने कहा, मैं नतीजों की परवाह किए बिना कुछ प्रयोग कर रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य ओलंपिक है।



### परिणाम

**रिकर्वः** व्यक्तिगतः पुरुषः स्वर्णः बी. धीरज (एसएससीबी) ने दिव्यांश चौधरी (हरियाणा) को 6-2 से हराया; कांस्यः अतुल वर्मा (उत्तराखंड) ने चिंगखम अचनबा सिंह (अरुणाचल) को 7-1 से हराया।

**महिलाः स्वर्णः** दीपिका कुमारी (पीएसपीबी) ने अंकिता भक्त (झा) को 6-2 से हराया;

**कांस्यः** सिमरनजीत कौर (पंजाब) ने भार्गवी भगोरा (गुजरात) को 6-5 (शूट-ऑफः 8-7) से हराया।

**टीमः पुरुषः स्वर्ण** : रेलवे ने हरियाणा को 6-2 से हराया; कांस्यः एसएससीबी ने राजस्थान को 5-4 से हराया (शूट-ऑफः 29-28)।

**महिलाः स्वर्णः** झारखंड ने मध्य प्रदेश को 5-3 से हराया; कांस्यः महाराष्ट्र ने रेलवे को 6-2 से हराया; मिश्रितः स्वर्णः पीएसपीबी ने पंजाब को 6-2 से हराया;

कांस्यः : मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को 5-1 से हराया।

# पांच दिवसीय इंटर महाविद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में बीएस कॉलेज ने बाजी मारी

- एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

खबर मन्त्र संवाददाता





**लोहरदगा।** बी. एस. कॉलेज लोहरदगा के क्रिकेट स्टेडियम में रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा संचालित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूनार्मेंट का सेमीफाइनल मैच संपन्न हुआ । इसमें पहला मैच बी एस कॉलेज लोहरदगा और गोस्सनर कॉलेज के बीच हुई जिसमें बी एस कॉलेज लोहरदगा विजयी हुए। बी एस कॉलेज लोहरदगा ने 20 ओवर में 181 रन बनाकर एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। दूसरी पारी में गोस्सनर कॉलेज 86 रन पर ऑल आउट हो गए। इसमें मैन ऑफ द मैच, बी एस कॉलेज लोहरदगा के राहुल कुमार को दी गई । उनको जे एस सी ए के चेयरमैन जय कुमार सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य एस के पी गुप्ता,पूर्व प्राचार्य प्रो लोहरा उरांव डा शशि कुमार गुप्ता तथा चंचल दा ने सामूहिक रूप से मोमेंटो देकर सम्मानित की। इस मैच में प्रभारी प्राचार्य एस के पी गुप्ता और डा शशि कुमार गुप्ता का विशेष योगदान रहा है। दूसरी मैच एस एस मेमोरियल कांके, तथा डोरण्डा कॉलेज के बीच हुई। इसमें एस एस मेमोरियल ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में मुख्य अतिथि जे एससीए के चेयरमैन जय कुमार सिन्हा, चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, विजय वर्मा, कुमुद रंजन, रंजी ट्राफी खिलाड़ी आशीष कुमार, डॉ अजीत कुमार एवं एम्पायर के रूप में आजम हुसैन, शुभम कुमार, गोपी चिरणजीवी मिश्रा, शमीम अहमद तथा बी एस कॉलेज के शिक्षकों में डॉ शशि कुमार गुप्ता, डॉ अजीत कुमार गुप्ता, प्रो सुरेश प्रसाद, डॉ संतोष कुमार शांडिल्य, डॉ नीता सहाय, डॉ अजय नाथ शाहदेव, डॉ बुटन महली, प्रो संजय कुमार रविदास, डॉ मनोहर प्रसाद साहू, प्रो सारोन सुरीन, प्रो सत्यनारायण उरांव, प्रो मुकेश कुमार यादव,प्रो पुष्पा कुमारी, प्रकाश सिंह, नीरो कुमार, रत्नेश प्रकाश, मनीष भगत अशोक उरांव,आदि उपस्थिति थे। खेल प्रभारी प्रो आनंद मांझी, प्रो अर्जून लकड़ा, एवं सोनू कुमार बड़ाइक, की देख रेख में संपन्न हुई। लोहरदगा सदर ब्लाक से मेडिकल टीम में शिखा कुमारी, एबलिन कुजूर, तथा सरोजनी तिर्की उपस्थित थीं। फाइनल मैच आज खेला जाएगा।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 में 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए हुए एमओयू

एजेंसी

**पटना।** बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 के दूसरे दिन शुक्रवार को बिहार ने रिकॉर्ड 1.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफलता हासिल की। बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों द्वारा राज्य में 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रस्तावित निवेश पिछले साल बिहार में आयोजित पहले निवेशक शिखर सम्मेलन के इसी आंकड़े से तीन गुना अधिक है। उद्योग मंत्री मिश्र ने कहा कि बिहार में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। अडानी समूह ने




29,700 करोड़ रुपये की निवेश योजनाओं को लेकर हामी भरी है। जबकि सन पेट्रोकेमिकल्स ने 36,700 करोड़ रुपये और सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (एनएचपीसी) ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के लिए 5,500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने बताया कि जिन कॉरपोरेट घरानों ने बिहार में निवेश को लेकर रुचि दिखाई है, उनमें सन पेट्रोकेमिकल्स और अडानी समूह प्रमुख कंपनियां हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह पिछले साल राज्य को अपने पहले निवेशक सम्मेलन में प्राप्त राशि जो करीब 53 हजार करोड़ थी उससे तीन गुना से भी अधिक है। इस बारे में उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने बताया कि इस साल 1.8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये पिछले साल के 53,000 करोड़ रुपये से तीन गुना से भी अधिक हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि सन पेट्रोकेमिकल्स ने पंप हाइड्रो और सोलर प्लांट सहित अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 36,700 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। अडानी समूह अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने और सीमेंट उत्पादन, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स में अपने पदचिह्न का विस्तार करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जलविद्युत ऊर्जा निगम (एनएचपीसी) अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, एसएलएमजी बेवरेजेज खाद्य प्रसंस्करण के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, श्री सीमेंट्स सामान्य विनिर्माण के लिए 800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है।

## बीएसकेडी ने मिलेनियम को 174 रनों से हराया

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन संत पल रेहला की टीम ने एसजीएन किंडर गार्डन मेराल को छह विकेट से वहीं दूसरे मैच में बीएसकेडी ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल को 174 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एसजीएन किंडर गार्डन ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 70 रन बनाए। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पल रेहला की टीम ने जीशान के 51 रन के सहारे चार विकेट खोकर जीत ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पल रेहला के जीशान को दिया गया। दूसरे मैच में मिलेनियम पब्लिक स्कूल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बीएसकेडी ने पीयूष ने 63 और आदित्य के 50 रन के बदौलत निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 214 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 215 रनों के लक्ष्य को खेलने उतरी मिलेनियम पब्लिक स्कूल 40 रन पर ही सिमट गई। बीएसकेडी की ओर से पीयूष ने चार विकेट प्राप्त किया। मैन अफ द मैच का पुरस्कार बीएसकेडी के पीयूष को दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रतियोगिता के पदाधिकारी सह पूर्व खिलाड़ी पंकज कुमार सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, पर्यवेक्षक चंद्र भूषण सिन्हा ने प्रदान किया। मौके पर उपाध्यक्ष दीपक, अभिषेक द्विवेदी, संजय तिवारी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## पंचायतों में खेल मैदानों का शुभारंभ ऐतिहासिक : विधायक खेमका

एजेंसी

**पूर्णिया।** विधायक विजय कुमार खेमका ने बिहार सरकार द्वारा खेल के विकास एवं खिलाडी को प्रोत्साहित करने के लिए पंचायतों में खेल मैदान के निर्माण कार्य का शुभारम्भ को एतिहासिक बताया है। पूर्णिया ईस्ट ब्लॉक के नौ पंचायतों में चिन्हित स्थान पर पटना से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खेल मैदान निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया तथा शेष पांच पंचायत में भी खेल मैदान निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। विधायक ने कहा सरकार के योजनानुसार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्माण किये जाने वाले खेल मैदान पर बास्केट बॉल, वोलीबॉल, रनिंग ट्रेक और बेडमिन्टन खेल की सुविधा होगी तथा ऊँची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी, खो खो खेलों की सुविधाएँ स्थानीय आवश्यकता अनुसार विकसित की जाएगी। विधायक ने पूर्णिया डिपो को आठ नयी डीलक्स



बस देने तथा पंचायतों में खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारम्भ करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

श्री खेमका ने कहा एनडीए की सरकार में बिहार का चहुमुखी विकास हो रहा है। केंद्र एवं राज्य की सरकार की योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुँच रहा है। आम जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नितीश कुमार पर है। खेमका ने कहा विधान सभा के चुनाव में 225 का आंकड़ा पार कर पुनः एनडीए की प्रचंड बहुमंत से सरकार बनेगी तथा महागठबंधन का सुफरा साफ होगा।

## दर्जनों बाइक को जप्त कर काटा गया चालान

**धुरकी।** बाइक छोड़ने के लिए पैरवी करने के बजाय लोगों को करें जागरूक। उक्त बातें थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कही। शुक्रवार को एसपी के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के सगमा में सघन वाहन चेकिंग अभियान थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। जहां बिना कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के चल रहे दर्जनों बाइक को जप्त कर चालान काटा गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बाइक चालकों से आग्रह किया कि बाइक जांच के क्रम में पैरवी करने के बजाय अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें, ताकि वे घर से जब भी निकले तो हेलमेट पहनकर व सारी कागजात लेकर चलें। साथ ही ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें ताकि उनकी जान माल की सुरक्षा सुरक्षित रहे।

## सड़क का चार वर्षों में भी नहीं पूरा हुआ निर्माण कार्य

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया जिला के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोसदाहा पंचायत वार्ड संख्या 01 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत सड़क का शिलान्यास 16 दिसंबर 2021 को क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश यादव के द्वारा किया गया था। जिसका प्राक्कलित राशि 301.825 लाख है। शिलान्यास के पश्चात निर्माण कार्य संवेदक राधे कृष्णा कंस्ट्रक्शन एवं कार्य एजेंसी ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल फारबिसगंज के द्वारा प्रारंभ भी किया गया। सड़क मिजापुर रमेश यादव के घर से प्राथमिक विद्यालय फेकू यादव टोला मिजापुर तक शिलान्यास बोर्ड के अनुसार निर्माण कार्य किया जाना है जिसमें संवेदक के द्वारा दो पुलिया भी बनाया गया है। ग्रामीणों ने पदाधिकारी और संवेदक पर आरोप लगाते हुए कहा मनमाने ढंग से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया था जिसमें मानक मापदंड के विपरीत गिट्टी, पत्थर लगाकर चार वर्षों से फरार है। उन्होंने एक और खुलासा करते हुए कहा, बनाए गए पुलिया में घटिया सामग्री गिट्टी और लोकल बालू का प्रयोग किया गया है। घटिया निर्माण को लेकर संबंधित जेई, एसडीओ एवं क्षेत्र के विधायक को भी इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गई थी। परंतु आज तक घटिया निर्माण के सूचना देने के बावजूद भी ना तो किसी प्रकार का जांच हुआ और ना ही सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। ग्रामीणों ने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि सभी लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त है।

## झामुमो ने गृह मंत्री अमित शाह का फूंका पुतला



फोटो 8-पुतला दहन करते झामुमो के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोा में झामुमो ने शहर के रंका मोड़ घंटा घर के समीप अमित शाह का पुतला दहन किया। इससे पूर्व झामुमो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह का शव यात्रा निकालकर शहर में भ्रमण किया। तत्पश्चात रंका मोड़ पहुंचकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। नुक्कड़ सभा के पश्चात गृह मंत्री का पुतला दहन किया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि देश के गृह मंत्री द्वारा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के संविाान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी करना बहुत ही शर्मनाक हरकत है। गृह मंत्री के इस बयान से पूरे देशवासी शर्मिंदा है गृह मंत्री अमित शाह का बयान बहुत ही खेदजनक है। इस प्रकार के बयान बाजी के लिए गृह मंत्री को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से यह साफ झलकता है कि भाजपा किस विचारधारा और मानसिकता की पार्टी है। वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे तो पूरे देश भर में और तेज आंदोलन होगा।

स मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, नितेश सिंह, रेखा चौबे, अंजलि गुप्ता, चंदा देवी, आराधना सिंह, फरीद खान, सलिम जाफर, मकबूल खान, सफिक अंसारी, आशिष गुप्ता, फूजैल अहमद, निलू, अरमान सिद्दकी, सुनिल गौतम, जैनुलला अंसारी, अनिल चंद्रवंशी, रोशन पाठक, संजय कांस्यकार, मुमताज रंगसाज सहित काफी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जवान के घर में लगभग डेढ़ लाख रुपये की हुई चोरी



फोटो 4-घर में बिखरा सामान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी सह झारखण्ड पुलिस के जवान प्रेमचंद कुमार व छोटे भाई आशीष कुमार के घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना गुरुवार रात की है। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी कर लिए हैं।

चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में घुस कर घटना को अंजाम दिया है। घटना के समय घर में कोई नहीं था। घर के लोग मेदिनीनगर में रहते हैं। जबकि प्रेमचंद कुमार अपनी ड्यूटी पर धनबाद में हैं। सूचना मिलने पर सभी घर आये। पीड़िता अनिता देवी व चंचला देवी ने बताया कि घर के अंदर ट्रंक में रखे पीतल, फूल व कांसा का कीमती बर्तन तथा अनिता देवी का एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ा कान का बाली तथा एक जोड़ा पायल के साथ कई आवश्यक कागजात चोरों ने चोरी कर लिए। चोरों ने दोनों के घर में रखे बक्सा, ट्रली बैग, दो बड़ा ट्रंक को तोड़कर उसमें रखा हुआ सभी सामान को घर के अंदर फेंक दिए हैं।

चोरों ने आस पास के दो घर प्रमोद पासवान व राज कुमार गुप्ता के घर का दरवाजा बाहर से बन्द कर दिए थे। लगभग एक सप्ताह पूर्व इसी गांव के मुन्ना चौरी के घर में भी चोरी की घटना घट चुकी है। घटना की सूचना पाकर एसआई भावेश झा अपने पुलिस दल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल किए। इस विषय में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि अभी आवेदन नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## कांडी में फूंका गया गृहमंत्री अमित शाह का पुतला

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में शुक्रवार की शाम राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में लोगों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। अमित शाह द्वारा लोकसभा में संविाान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति की गई आपत्तिजनक कमेंट के विरुद्ध लोगों ने कांडी में पुतला दहन किया। राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव डॉ. राम कृष्ण राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रमोद राम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र प्रजापति, शिवपुर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लवकुश राम, समाजसेवी गोपाल भारती, राजेंद्र पाल, शंकर मेहता, ज्ञानचंद रवि, चंदन, अविनाश, गौरव एवं परसू कुमार सहित दो दर्जन लोगों ने प्रखंड भवन से कर्पूरी चौक तक विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च कर्पूरी चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई जहां डॉ राम कृष्ण राम व एक अन्य सदस्य द्वारा अमित शाह के पुतले की जूता चप्पल से जमकर पिटाई की गई। साथ ही अमित शाह व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब पर टिप्पणी को लेकर अमित शाह को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## झामुमो नेता को मातृ शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के बुल्का गांव निवासी सह झामुमो के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी की माता रशीदन बीबी का शुक्रवार की अगले सुबह निान हो गया।

वह 75 वर्ष की थी। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका इलाज गढ़वा के निजी अस्पताल से चल रहा था। निान की सूचना मिलते ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। बुल्का स्थित ईद्गाह में जनाजे की नमाज के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया।

## मानस महायज्ञ के दौरान सतबहिनी झरना तीर्थ में लगाये जाएंगे विशेष किस्म के पौधे



सतबहिनी झरना तीर्थ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के बहुत पुराने विशिष्ट स्थायी सदस्य वन प्रमंडल पदााकिारी डीएफओ अर्जुन बड़ाईक ने सतबहिनी में कई विशेष किस्म के पौारोपण की घोषणा की है। मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह यानि 25वें महायज्ञ 13 फरवरी से 23 फरवरी 2025 के बीच ही पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लाल चंदन के दो, रक्त चंदन के दो, श्वेत चंदन के दो, रूद्राक्ष के दो, शिवलिंगि का एक और कल्पतरु के चार पौधों के रोपण का कार्यक्रम रखा गया है। इस क्रम में तेजपत्ता का भी दो पौधा लगाएंगे। ताकि भंडारा का स्वाद और सुगां में काम आए। पौधा लगाने के लिए गड्ढा डेढ़ फुट गहरा और उतना ही लंबा और चौड़ा रहेगा। उपर 9 इंच की मिटटी अलग रखी जायेगी और उतना ही सूखा गोबर मिलाकर अच्छी तरह से पीटकर मिश्रण बना दिया जायेगा। पौधरोपण के दो दिन पहले और एक दिन पहले गड्ढों में पानी भर दिया जाएगा। पौधरोपण कार्य के पहले गोबर मिट्टी मिश्रण से गड्ढा को भर दिया जाएगा और तब पौधारोपण का कार्य सम्पन्न होगा। कल्पतरु के पौधों में दूरी पच्चीस फीट कम से कम और बाकी सभी के बीच पंद्रह फीट रखी जायेगी। कल्पतरु के पेंड़ हजारों वर्षों तक छाया देंगे और उनकी मोटाई बहुत ज्यादा होगी। उन्होंने कहा कि पौाा संरक्षण के लिए गैबियन की मुख्य रूप से जरूरत होगी। तो मैं वहां के सीएफ को बोला हूं कि 25 गेबियन किसी रेंज अफसर के मायम बनवा दीजिएगा। मैं उसका भुगतान कर दूंगा। इनमें हमको सिर्फ श्वेत चंदन मंगाना है। बाकी सभी पौा रांची में उपलब्ध हैं। जो महायज्ञ अवधि में मंगा लिया जाएगा। डीएफओ अर्जुन बड़ाईक ने कहा कि पौधारोपण एवं गैबियन से घेरा बंदी का कार्य मेरे तरफ से किया जाएगा। बाकी पौधों की सिंचाई एवं पौध संरक्षण का कार्य मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के जिम्में रहेगा।

खबर एक नजर में

## उमवि में पीएलवी ने चलाया जागरूकता अभियान



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देशानुसार 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमडीह में जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी ने बच्चों को बाल मजदूरी, बाल विवाह संबंधित अन्य कानूनी जानाकरी दी।

उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई पर यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं किसी भी प्रकार का शोषण उत्पीड़न होता है। पीएलवी संगीता सिन्हा ने कहा कि आप बाल विवाह को रोक सकते हैं। इसके लिए चाइल्डलाइन के नंबर 1098 पर कल करके इसकी सूचना दें।

वहीं पीएलवी तृप्ता भानु ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी को बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह करने वाले को दो साल की जेल या एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकता हैं। मौके पर काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## एआरडी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अवा राज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से प्रारम्भ किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या अणिमा पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 दिसम्बर तक किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के रूप मे प्रखंड प्रसार पदाधिकारी गढ़वा रम्भा चौबे, छत्तरपुर पंचायत के पूर्व मुखिया मुजीबु रहमान एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन तीन दिनों मे स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। खेल व अन्य गतिविधियों मे उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मंगलवार को समापन समारोह के दौरान मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान



जानकारी देते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देष पर 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखंड के पीएम श्री उच्च विद्यालय जाटा में शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी रामाशंकर चौबे ने कहा कि बाल विवाह अभिशाप है। उन्होंने बाल विवाह के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इसे कैसे रोकें इसकी भी जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने बाल मजदूरी के साथ-साथ शिक्षा के संबंध में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता लेने के लिए आप 15100 पर कल कर सकते हैं। इस दौरान पीएलवी ने बच्चों को मध्याह्न भोजन अपने हाथों से कराया। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने दहेज प्रथा एवं जिला विधिक सेवा प्रााकिार गढ़वा बारे में जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अतिक्रमण कारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए सीओ ने दी चेतावनी



जानकारी देते सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने कहा है कि सोमवार को कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण को हटा दिया जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारी के साथ पूरे कांडी बाजार क्षेत्र में घूम घूम कर सरकारी भूमि पर से अपना अतिक्रमण स्वयं हटालेने की बात लोगों से कही है। अन्यथा प्रशासन बल पूर्वक हटाएगी। ज्ञात हो कि कांडी बाजार क्षेत्र में 78 डिसमिल सरकारी जमीन पर कई लोगों ने स्थायी व अस्थायी अवैध कब्जा कर रखा है। वैसे 67 लोगों को प्रशासन ने नोटिस तामिला किया है।

## मानव एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**भागलपुर।** मध्य विद्यालय जगदीशपुर में शुक्रवार को विश्व मानव एकता दिवस मानव श्रृंखला बनाकर कर एकजुटता का संदेश देता हुआ मनाया गया। इस अवसर बच्चों एक साथ मिलकर प्रेरणा गीत लहू का रंग एक है अमीर क्या गरीब क्या बने है एक खाक से तो दूर क्या करीब क्या का गान कर एकजुटता रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक बिन्दु कुमारी, अभिनाश सरोज, नवल किशोर पंजियारा, युथ क्लब के सदस्य सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## नये साले में कियारा आडवाणी धूम मचाने के लिये तैयार



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी वर्सेटिलिटी और स्टार पावर को दिखाते हुए आने वाली फिल्मों की एक प्रभावशाली लाइन-अप के साथ दर्शकों को चकित करने के लिए तैयार हैं। वर्ष 2025 में रिलीज के लिए निर्धारित, फिल्म गेम चेंजर प्रशंसित एस. शंकर द्वारा निर्देशित है। इस फिल्म में कियारा राम चरण के साथ हैं, जो एक डायनामिक ऑन-स्क्रीन जोड़ी का वादा करता है। शंकर के दूरदर्शी निर्देशन के साथ, फिल्म गेम चेंजर कियारा के करियर में एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है।एक और दिलचस्प प्रोजेक्ट टॉक्सिक है, जो दर्शकों के लिए एक फेरीटेल है, जिसे गीतू मोहनदास ने लिखा और निर्देशित किया है। कियारा इस फिल्म में यश के साथ स्क्रीन साझा करेंगी, जो उनके विविध पोर्टफोलियो में उत्साह की एक और परत जोड़ देगा।

## बांग्लादेश में तबलीगी जमात प्रवक्ता गिरफ्तार

ढाका। ढाका के टोंगी बिस्वा इज्तेमा मैदान पर कब्जे को लेकर तबलीगी जमात के दो गुटों के बीच बुधवार को हुए खूनखराबा पर अंतरिम सरकार ने कठोर कदम उठाया है। इस संबंध में मौलाना साद गुट के तबलीगी जमात के प्रवक्ता मुआज बिन नूर (40) को गुरुवार तड़के गिरफ्तार कर लिया गया। इस खूनखराबा में तीन श्रद्धालुओं की जान गई है। नूर का घर ढाका के उत्तरा में है। तबलीगी जमात के दूसरे गुट के नेता मौलाना जुबेर हैं। जुबेर गुट ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया है।

## रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन मार गिराया

मॉस्को। रूस के वायु रक्षा बल ने गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात रूसी क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार रात कीव सरकार की ओर से रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों पर ड्रोन के माध्यम से आतंकवादी हमले करने के प्रयासों को रोक दिया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी को नष्ट कर दिया।

## न्यू जर्सी व न्यूयॉर्क में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विमानन अधिकारियों ने पूर्वी अमेरिका में अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद न्यू जर्सी प्रांत में 22 और न्यूयॉर्क प्रांत में 29 बुनियादी ढांचा स्थलों पर ड्रोन के उपयोग पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। बीबीसी की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंध न्यू जर्सी और अन्य राज्यों में कई सप्ताह तक अज्ञात ड्रोन देखे जाने के बाद लगाया गया है। इन अज्ञात मानवरहित हवाई जहाज की बढ़ती गतिविधियों से स्थानीय लोगों में चिंता पैदा हो गई है।

## दिल्ली के चार स्कूलों को फिर मिली धमकी

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी की कॉल लगातार मिल रही है। शुक्रवार सुबह सबसे पहले द्वारका के डीपीएस स्कूल में यह मामला सामने आया। उसके बाद जाफरपुर कला के रावता गांव के कृष्णा मॉडल स्कूल में आया। फिर पश्चिम विहार के विशाल भारती पब्लिक स्कूल से भी जानकारी सामने आई। तीनों मामलों की पुलिस जांच कर ही रही थी, तभी चौथी जानकारी ककरोला के एकता मॉर्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल से आई है। सूचना मिलते ही स्कूलों पर पुलिस और दमकल की टीम पहुंच गई। लेकिन जांच के बाद वहां कुछ नहीं मिला।

# शक्ति प्रदर्शन : अंबेडकर को लेकर विपक्ष ने निकाला मार्च, भाजपा ने घायल सांसदों के मुद्दे पर किया प्रदर्शन







नई दिल्ली। अंबेडकर के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को विपक्ष ने विजय चौक पर प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने विजय चौक से संसद तक विरोध मार्च भी निकाला और गृहमंत्री अमित शाह से राज्यसभा में अंबेडकर पर दिए गए अपमानजनक बयान के लिए माफी मांगने तथा इस्तीफे की मांग की। उधर, भाजपा कल संसद में दो सांसदों के घायल होने के मुद्दे को लेकर आज संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है, जिसे देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर भाजपा की आलोचना की। भाजपा सांसदों ने भी संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्व भाजपा सांसदों के साथ कथित धक्का मुक्की के लिए माफी मांगें। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि संसद में जो गुरुवार को हुआ वह नहीं होना चाहिए था।

# अमेरिका में आर्थिक संकट

## सरकार को खर्च के लिए मंजूरी देने वाला विधेयक गिरा

एजेंसी

- प्रतिनिधि सदन ने ट्रंप के समर्थित व्यय विधेयक को अस्वीकार कर दिया
- रिपब्लिकन पार्टी के 38 सांसदों ने विरोध में डाला वोट
- इस पैसे से अधिकारियों को सैलरी देती है और दूसरे खर्च भी चलते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस वीकेंड आशिंक सरकारी शटडाउन का खतरा पैदा हो गया है। यह मुश्किल ऐसे समय में खड़ी हुई है जब लाखों अमेरिकी क्रिसमस छुट्टियों के सीजन में ट्रेवलिंग प्लान बना रहे हैं। प्रतिनिधि सदन ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित व्यय विधेयक को अस्वीकार कर दिया है। इससे आंशिक सरकारी शटडाउन की संभावना बढ़ गई है। लगभग सभी डेमोक्रेट्स और ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के 38 सदस्यों के विरोध के बाद गुरुवार शाम को इस विधेयक को 174 के मुकाबले 235 मतों से खारिज कर दिया गया। रिपब्लिकन्स ने इस आधार पर नव-निर्वाचित राष्ट्रपति के प्रस्ताव को अस्वीकार करने का असामान्य कदम उठाया कि इससे 36 ट्रिलियन डॉलर के राष्ट्रीय कर्ज में कई ट्रिलियन डॉलर और जुड़ जाएंगे। रिपब्लिकन के नेतृत्व वाला यह विधेयक सरकारी शटडाउन से बचने की अंतिम कोशिश थी। इससे पहले के खर्च पैकेज को ट्रंप, नव-निर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और टेक्नोलॉजी दिग्गज एलन मस्क के विरोध के कारण अंतिम समय में ही रोक दिया गया था। बिल के 174 वोटों से 235 के मुकाबले विफल होने के बाद, रिपब्लिकन हाउस के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि वह शुक्रवार को मध्यरात्रि में सरकारी फंडिंग समाप्त होने से पहले एक और समाधान लेकर आएंगे। दरअसल, अमेरिका को अपने खर्च चलाने के लिए फंड की जरूरत होती है। यह फंड कर्ज लेकर पूरा किया जाता है। इसके



लिए एक बिल अमेरिकी संसद हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में लाया जाता है। मौजूदा बिल को ट्रंप की ओर से लाया गया था, जिसे विपक्ष से खारिज कर दिया। इसका सीधा का मतलब है कि अमेरिका को खर्च के लिए पैसा नहीं मिलेगा। अमेरिका इस पैसे से ही न केवल सरकारी अधिकारियों को सैलरी देती है बल्कि दूसरे खर्च भी चलते हैं। इस बिल को पास कराने के लिए शुक्रवार रात तक का ही समय है। यानी अमेरिकी सरकार के पास 24 घंटे खर्च चलाने लायक पैसा भी नहीं है। अगर यह पास नहीं हो पाया तो अमेरिका में शटडाउन लग जाएगा। ऐसा होने पर अमेरिका पर बड़ी मुसीबत आ जाएगी। उसकी अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान होगा। इसका सबसे ज्यादा असर ट्रंप पर पड़ेगा।

### 20 जनवरी से ट्रंप संभालेंगे राष्ट्रपति पद

ट्रंप 20 जनवरी से अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालेंगे। ऐसे में उन्हें सरकार चलाने के लिए पैसों की जरूरत होगी। इस बिल में लिखा है कि मार्च तक अमेरिकी सरकार को खर्चे के लिए फंड दिया जाए। इस बिल में आपदा राहत में 100 बिलियन डॉलर का प्रस्ताव भी रखा है। साथ ही दो साल के लिए लोन सीमा को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा है। पिछली बार जब यह बिल संसद में लाया गया था तो उसका ट्रंप और एलन मस्क ने विरोध किया था।


# शेयर बाजार में कोहराम

## सेंसेक्स 1176 और निफ्टी 364 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की धीमी गति के संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में 1,000 से अधिक अंकों की गिरावट आई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,176.46 अंक या 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,041.59 पर बंद हुआ और निफ्टी 364.20 अंक या 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,587.50 पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े आठ लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद घट कर 441.11 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.76 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों




### निवेशकों के 8.65 लाख करोड़ डूबे

को कारोबार से करीब 8.65 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। कैपिटलमाइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पाला के अनुसार, बाजार तेजी से स्टॉक-स्पेसिफिक होते जा रहे हैं, जबकि व्यापक सूचकांक विराम ले रहे हैं। सेक्टोरल फ्रंट पर निफ्टी के ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटीज और पीएसई सेक्टर में बिकवाली देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,057 शेयर हरे और 2,935 लाल निशान में बंद हुए, जबकि 93 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, एसबीआई, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, रिलायंस और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे। वहीं, नेस्ले इंडिया और टाइटन टॉप गेनर्स थे।

### 5 दिन में सेंसेक्स 4092 अंक गिरा

पांच कारोबारी दिवस में सेंसेक्स करीब 4092 अंक लुढ़क गया। सेंसेक्स बीते सप्ताह अंतिम कारोबारी दिवस को 843.16 अंक की छलांग लगाकर 82,133.12 अंक पर पहुंचा लेकिन इस सप्ताह सोमवार को यह 384 अंक का गोता लगाकर 81,748 अंक, मंगलवार को 1064 अंक टूटकर 80,684.45 अंक, बुधवार को 502 अंक लुढ़ककर 80,182 अंक, गुरुवार को 964.15 अंक की गिरावट लेकर 79,218 अंक और शुक्रवार को 1176 अंक टूटकर 78,041.59 अंक पर आ गया।

# जैसलमेर में जीएसटी की बैठक आज

एजेंसी

- स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर चर्चा संभव

**नयी दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक शनिवार को राजस्थान के जैसलमेर में होगी। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी छूट पर चर्चा होगी। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक में करीब 148 वस्तुओं की जीएसटी दर में फेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है। बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंप दी है। जीएसटी परिषद बीमा ह्यप्रीमियमह्ल पर कर में कटौती सहित कई अन्य वस्तुओं पर जीएसटी दर में बदलाव का फैसला कर सकती है। जैसलमेर में आयोजित जीएसटी परिषद अपनी 55वीं बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दरें कम करने, उच्च श्रेणी की कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर बढ़ाने के अलावा 35 फीसदी अलग से कर लगाने पर विचार कर सकती है। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती पर बैठक में चर्चा हो सकती है। इसके अलावा बैठक में विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन को जीएसटी के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## 31 दिसंबर तक दाखिल कर सकेंगे आइटीआर

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए विलंबित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब 31 दिसंबर तक आईटीआर दाखिल किया जा सकता है। यह जानकारी आयकर विभाग ने शुक्रवार को दी है। आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट पर एक बयान जारी कर कहा कि यदि आप आकलन वर्ष 2024-25 कि लिए अपना आईटीआर दाखिल करने से चूक गए हैं, तो आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है।

# अवैध मदरसों के खिलाफ कठोर होगी कार्रवाई:धामी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि यदि मदरसे से अवैध पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। धामी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैने गृह विभाग पुलिस एवं अल्पसंख्यक बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह प्रदेश में चल रहे सभी मदरसों की जांच करें और उनमें पढ़ने वाले छात्र तथा छात्राओं की भी जांच की जाए और उनका पुराना रिकॉर्ड चेक किया जाए यदि



मदरसे से अवैध पाए जाते हैं और उन्हें पढ़ने वाले संदिग्ध लगते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी आज जायेंगे कुवैत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दो दिन की यात्रा पर कुवैत जा रहे हैं जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस खाड़ी देश की यात्रा 43 साल के अंतराल के बाद हो रही है। विदेश मंत्रालय में सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने शुक्रवा को बताया कि मोदी कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर शनिवार को कुवैत की यात्रा पर जा रहे हैं। उनकी वहां कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा से मुलाकात करेंगे।

# जंगल में कार से 52 किलो सोना और 10 करोड़ बरामद

एजेंसी

## भोपाल में लोकायुक्त और आयकर का छापा



- कार ग्वालियर के चंदन गौर के नाम से रजिस्टर्ड गौर का लिंक आरटीए के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा है
- मप्र के पूर्व मंत्री सहित कई अधिकारियों और नेताओं के करीबी है सौरभ शर्मा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बीते तीन दिन से अगल-अलग कारोबारियों के यहां लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापे के बाद अब यहां मेंडोरी के जंगल में एक गाड़ी में 52 किलो सोना बरामद हुआ। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये नकद भी मिले हैं। सोने की कीमत 40 करोड़ 47 लाख रुपये आंकी गई है। गुरुवार की दरमियानी रात दो बजे 30 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग और पुलिस की टीम ने वाहन को पकड़ा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये सोना और नकद राशि किसकी है। जिस कार इनोवा क्रिस्टा में यह सोना और नकदी मिली है, वह ग्वालियर की है और चंदन गौर के नाम से रजिस्टर्ड है। चंदन गौर का जुड़ाव पूर्व परिवहन के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से बताया जा रहा है। दरअसल, सौरभ शर्मा के कार्यालय और आवास पर गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था। पुलिस को दोनों जगह से दो करोड़ 85 लाख रुपये नकद, 50 लाख रुपये के गहने और दो करोड़ रुपये की अन्य संपत्ति की जानकारी मिली थी। सौरभ शर्मा एक पूर्व मंत्री सहित कई अधिकारियों और नेताओं के करीबी बताए जाते हैं। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार खड़ी है, जिसमें भारी मात्रा में पैसे रखे हैं। इसके बाद आयकर विभाग की टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी के जंगल में पहुंची, जहां इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवतः पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। कार पूरी तरह से लॉक थी। ऐसे में आयकर विभाग की टीम ने साथ पहुंचे गनमैन की गन के बट से कार का कांच तोड़ा और गेट खोलकर बैग निकाले गए। इन बैग में भारी मात्रा में नकदी और सोना मिला। आयकर विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि मेंडोरी में जो इनोवा कार मिली है, वह चेतन गौर की है। चेतन लोकायुक्त पुलिस के छापे की जद में आए सौरभ शर्मा का दोस्त है। जब आयकर विभाग के अफसरों ने चेतन गौर से इस मामले में पूछताछ की तो उसने कहा कि सोना और पैसा कहां से आया और किसका है, इसकी उसे जानकारी नहीं है। उसने यह जरूर माना कि वह आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का दोस्त है। टीम अब इस आधार पर आगे की जांच करेगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब आयकर अधिकारियों की टीम मेंडोरी पहुंची तो वहां पहले से मौजूद पुलिस को देखकर सभी कुछ देर के लिए सहम गए। सभी को आशंका थी कि कोई ट्रेप कराने की साजिश तो नहीं है। कुछ अफसरों ने साहस कर पुलिस कर्मचारियों से बात की तो पता चला कि वे भी अज्ञात सूचना पर यहां आए हैं। इसके बाद आयकर टीम के साथ गए केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों और पुलिस कर्मियों की मदद से कार को कब्जे में लेकर कार्रवाई की गई।

## लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए हआ स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मंत्रालय से संबंधित विधेयक संयुक्त समिति को सौंपे जाने वाला दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के लिए कहा। इसके बाद उनके सदन की कार्यवाही शुरू करते ही विपक्ष के सदस्यों का हंगामा और तेज होने लगा। अध्यक्ष ने सदस्यों के कहा कि मैं आपसे पुनः आग्रह करता हूं कि संसद की गरिमा और मयार्दा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। मैं फिर आग्रह करूंगा कि इसे गंभीरता से लें और किसी भी स्थिति में संसद परिसर में प्रदर्शन ना करें। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

